तापमान

अधिकतम 33.4 डिग्री

न्यूनतम 24.5 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, मंगलवार 13 अगस्त 2024



10 भारत माता की महाआरती कल मुख्यमंत्री साय होंगे...





12 नगरीय निकाय कर्मचारियों ने दिया धरना, वन कर्मचारी...




# एप से 20 किमी तक टिकट बुकिंग का नियम खत्म, अब कहीं से भी खरीद सकेंगे ई-टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रोजाना ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को अब ई-टिकट खरीदने के लिए स्टेशन में 20 किमी. दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। रेलवे ने अब अनारक्षित ई-टिकट खरीदने के नियमों में बदलाव किया है। रेलवे ने तत्काल प्रभाव से जियो फेसिंग लिमिट को खत्म कर दिया है। मतलब अब यात्रियों को टिकट बुकिंग करते समय प्लेटफॉर्म से दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वे कहीं भी अनारक्षित कोच के लिए टिकट और प्लेटफॉर्म टिकट बुक कर पाएंगे। बता दें कि रायपुर में रोजाना 10 हजार से अधिक यात्री यूटीएस एप के जरिए ई-टिकट खरीदते हैं, लेकिन पुराने नियम के अनुसार 20 किलोमीटर की दूरी तक ही एप के जरिए यात्री टिकट बुक कर पाते थे। स्टेशन पहुंचने पर फोन से ई-टिकट खरीदने की सुविधा नहीं मिलती थी। इस वजह से स्टेशन में टिकट खरीदने लंबी लाइन में लगना पड़ता था। नियमों के बदलाव के बाद अब ऐसा नहीं होगा।

- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी लागू हुई नई व्यवस्था, हजारों यात्रियों को मिलेगा लाभ

खास खबर

## ई-टिकट खरीदने के नियमों में रेलवे ने किया बदलाव, खत्म हुआ जियो फेसिंग लिमिट

### रोजाना खरीदते हैं 10 हजार ई-टिकट

लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनों में सफर करने के लिए रायपुर मंडल में रोजाना 10 हजार से अभी अधिक यात्री ऑनलाइन ई-टिकट खरीदते हैं। नियमों के बदलाव से एप की उपयोगिता बढ़ेगी और साथ ही काउंटर पर भी यात्रियों की भीड़ कम होगी। बता दें कि मंडल में 4 टिकट काउंटर बंद कर दिए गए हैं, अब 3 टिकट काउंटर से ही यात्री अनारक्षित टिकट खरीदते हैं। ऐसी स्थिति जोन के सभी मंडलों में है। ऑनलाइन टिकट बुकिंग बढ़ने से काउंटर से यात्रियों का दबाव कम होगा।



स्टेशन पर नजर आने लगी त्योहारी भीड़।

### प्लेटफॉर्म टिकट में भी मिलेगी राहत

यूटीएस ऑन मोबाइल एप से ई-टिकट बुकिंग के लिए आउटर सर्किल दूरी की बाध्यता को समाप्त किए जाने के साथ प्लेटफॉर्म टिकट के लिए 5 किमी सीमा को खत्म कर दिया गया है। लोग स्टेशन की सीमा के 5 किलोमीटर बाहर भी जनरल टिकट और प्लेटफॉर्म टिकट एप के जरिए बुक कर पाएंगे। ट्रेन टिकट के लिए अब यात्री 20 किमी की सीमा के भीतर टिकट बुकिंग कर सकते हैं। रेलवे ने यह कदम पेपरलेस टिकट को बढ़ावा देने के लिए उठाया है। इसीलिए एप के फीचर्स में बदलाव किया गया है।

## खबर संक्षेप

### शेयर ट्रेडिंग के नाम से ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** पंडरी थाने में दर्ज अशोका रतन निवासी डॉ. डी. सुनील देवांगन से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर तीन करोड़ रुपए की ठगी के मामले में एक और आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। तीन दिन पूर्व डॉक्टर से ठगी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक, डॉक्टर से ठगी के आरोप में राजस्थान झालवाड़ा निवासी अवदेश नागर को गिरफ्तार किया है।

### आठ पुलिसकर्मी कॉप ऑफ द मंथ चुने गए



**रायपुर।** पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करने कॉप ऑफ द मंथ से सम्मानित किया जाता है। इसी कड़ी में जुलाई माह में हत्या की गुत्थी सुलझाने वाले, गुंडे बदमाशों पर अंकुश लगाने वाले तथा बेहतर यातायात व्यवस्था बनाए रखने वाले आठ पुलिसकर्मियों को एसएसपी संतोष सिंह ने कॉप ऑफ द मंथ चुना है। साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने तथा रिश्वत लेने के आरोप में महिला थाना की टीआई वेदवती दरियो को निलंबित किया है। कार्य में लापरवाही बरतने पर ललित साहू को देय वेतनमान में से एक वेतनवृद्धि के बराबर की राशि में कमी का दंड दिया है।

वीआईपी रोड, मंदिर हसौद, नवा रायपुर के साथ विधानसभा मार्ग के होटल, पब, कैफे में पैर रखने की जगह नहीं

# एक दिन का लाइसेंस लेकर देर रात तक मयखानों में पार्टी, वीडियो में झूमते दिखे युवा, होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के अलग-अलग इलाकों में संचालित बार, क्लब, होटल, कैफे तथा पब में सामान्य दिनों के साथ वीक एंड में देर रात तक शराब पीने पिलाने का दौर चल रहा है। ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है, जिसमें वीआईपी रोड, मंदिर हसौद मार्ग, विधानसभा तथा नवा रायपुर के अलग-अलग बार, क्लब, कैफे तथा पब में युवा नशे में चूर होकर मस्ती करने के साथ शराब सेवन कर रहे हैं। जिला आबकारी अधिकारी विकास गोस्वामी से संपर्क किया गया, तो उन्होंने वीडियो मिलने की पुष्टि की। यह भी कहां कि इसकी जांच कराई जाएगी। ▶▶|शेष पेज 11 पर

हरिभूमि सरोकार

## सरकारी आदेश के मुताबिक होटल, पब, कैफे में रात 11 बजे के बाद शराब बिक्री नहीं करने का है आदेश

### आउटर के इलाकों में कैफे बार, पब का क्रेज बढ़ा

देर रात तक शराब परोसने वाले शहर के आउटर में पब, कैफे, बार तथा क्लब खोलने में रुचि ले रहे हैं। आउटर के इलाकों में पुलिस की पेट्रोलिंग कम होने की वजह से शराब परोसने वालों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है। साथ ही गश्त करने वाली पेट्रोलिंग तथा पुलिस को सेट कर आसानी से शराब परोसते हैं, जहां आम आदमी का ध्यान कम जाता है।







### पुष्टि होने के बाद कार्रवाई

तय समय सीमा के विपरीत देर रात तक शराब परोसने का वीडयो सामने आया है। वीडियो की पुष्टि की जा रही है। पुष्टि होने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**- विकास गोस्वामी**, जिला आबकारी अधिकारी

### वैधानिक कार्रवाई की जाएगी

वीडियो की पुष्टि की जा रही है। इसके बाद संबंधित थाना क्षेत्र के पुलिसकर्मियों को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाएंगे। होटल तथा कहीं अन्य जगहों पर तय समय सीमा के बाद शराब परोसे जाने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**- लखन पटले**, एएसपी सिटी

# दस हजार रुपए रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

- बी-1 खसरे का सुधार के लिए पटवारी ने पैसों की मांग की थी
- पटवारी को एसीबी की टीम ने ट्रैप कर गिरफ्तार किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तिल्दा के एक पटवारी को एसीबी की टीम ने 10 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पटवारी ने बी-1 खसरा रिपोर्ट देने की मांग करने पर जमीन बेचने वाले तथा खरीदार से 30 हजार रुपए की मांग की थी। इस बात को लेकर जमीन क्रेता तथा विक्रेता ने एसीबी के पास लिखित में शिकायत दर्ज कराई थी।

एसीबी द्वारा जारी बयान के मुताबिक मंगलूराम तथा योगेंद्र बघेल की शिकायत पर पटवारी बृजेश मिश्रा को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। पटवारी ने मंगलूराम तथा योगेंद्र से सत्यापित बी-1 एवं खसरे में सुधार रिपोर्ट देने 30 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। पहली किश्त 10 हजार रुपए लेने के बाद शेष राशि किश्तों में देने पटवारी ने दोनों को राजी किया था। इस बात की योगेंद्र तथा मंगलूराम ने एसीबी के पास लिखित में शिकायत दर्ज कराई। मंगलूराम तथा योगेंद्र के मध्य तिल्दा, नकटी स्थित जमीन खरीदी-बिक्री करने आपस में समझौता हुआ था। इसी बात का फायदा उठाते हुए पटवारी ने पैसों की मांग की थी।

# पोर्टल पर 220 क्विंटल की एंट्री, मौके पर मिली 14 सौ क्विंटल से ज्यादा दाल, मिल संचालक को कारण बताओ नोटिस

**रायपुर।** उचित मूल्य की दुकानों में पीडीएस चावल की गड़बड़ी के बाद अब दाल मिल में भी गड़बड़ियां मिलने लगी हैं। खाद्य विभाग के औचक निरीक्षण में इस गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। धरसींवा विकासखंड ▶▶|शेष पेज 11 पर



- औचक निरीक्षण में सदगुरु उद्योग दाल मिल में पाई गई गड़बड़ी

### की गई कार्रवाई

दाल मिल में जांच में गड़बड़ी मिली। मिल में मिला भंडारण और पोर्टल पर की गई ऑनलाइन एंट्री में भारी मात्रा में अंतर पाया गया है। इसे लेकर मिल संचालक को नोटिस जारी किया गया है।

**- भूपेंद्र मिश्रा**, जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर


# पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

## पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006 (द्वितिय चरण)

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2024-25) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही **26 रूपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
6. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं। कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-30.08.2024 तक।**

**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-05.09.2024 तक।**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप**

प्रति,

संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923,
राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

पासपोर्ट फोटो

महोदय,

............ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ............ 2. पिता / पति ............
3. जन्म तिथि अंकों में ............ 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ............ पोस्ट ............ तहसील ............
थाना ............ जिला ............ पिन कोड ☐
मो. नं. 1 ............ मो. नं. 2 ............ वाट्सअप नं. ............
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ............
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर


# महिला की हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कबीर नगर थाना क्षेत्र के अटल आवास में महिला की हत्या करने वाले युवक को पुलिस ने उत्तराखंड, देहरादून से गिरफ्तार किया है। हत्या की वजह पैसों का लेन-देन बताया जा रहा है। पुलिस गिरफ्त में आया युवक पूर्व में भी मुंबई तथा मध्यप्रदेश में चोरी के आरोप में जेल जा चुका है।



- पैसों के लेन-देन विवाद पर उत्तरप्रदेश के युवक ने महिला की हत्या की थी

पुलिस के मुताबिक संजय जायसवाल की पत्नी सोनू की हत्या के आरोप में उत्तरप्रदेश, मौदहा निवासी मुस्तकीम खान उर्फ आर्यन उर्फ अजय को गिरफ्तार किया गया है। मुस्तकीम ने पुलिस को बताया है कि संजय तथा उसकी पत्नी से उसकी पहचान थी तथा उसका संजय के घर आना जाना था। मुस्तकीम के अनुसार संजय की पत्नी ने जमीन खरीदने उससे पैसों की मांग की। इसके बाद मुस्तकीम ने संजय की पत्नी को आठ लाख रुपए दिए। दिए गए पैसों से संजय ने मंदिर हसौद में जमीन खरीदी। जमीन खरीदने के बाद उसे बाद में बेच दिया। जमीन बेचने के बाद मुस्तकीम ने सोनू से अपने पैसे मांगे, तो सोनू ने पैसे देने से इनकार कर दिया। इससे नाराज होकर मुस्तकीम ने दो जुलाई को सोनू की हत्या कर घर का दरवाजा बाहर से बंद कर फरार हो गया।




## खबर संक्षेप



### राज्यपाल से असम के मुख्यमंत्री ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से सोमवार को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सौजन्य भेंट कर उन्हें छत्तीसगढ़ के राज्यपाल नियुक्त होने पर शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री सरमा ने राज्यपाल को राजकीय गमछे से सम्मानित किया। राज्यपाल ने भी मुख्यमंत्री श्री सरमा को राजकीय गमछा और स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर रानी डेका काकोटी भी उपस्थित थीं।

### नवगठित नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के लिए पद स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने पांच नवगठित नगर पालिकाओं और 14 नगर पंचायतों में प्लेसमेंट पर दस-दस पदों की स्वीकृति प्रदान की है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने मंत्रालय से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। राज्य शासन ने नवगठित अमलेश्वर, मंदिर हसौद, लोरमी, पंडरिया और बांकी मोंगरा नगर पालिकाओं तथा दाढ़ी, सरसींवा, बेरला, पामगढ़, भिंभोरी, रोहांसी, कोपरा, जनकपुर, पवनी, मरवाही, नरियरा, जरहागांव, लाल बहादुर नगर और पटना नगर पंचायतों के लिए प्लेसमेंट पर दस-दस पद मंजूर किए हैं। इनमें सफाई श्रमिकों के पांच-पांच पद तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर, पंप अटेंडेंट, वाहन चालक, भृत्य और श्रमिक के एक-एक पद शामिल हैं।

### पॉस मशीन में आ रही समस्या को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** उचित मूल्य की राशन दुकानों में इन दिनों सर्वर डाउन के अलावा पॉश मशीनों में भी कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं, जिससे हितग्राहियों को खाद्यान्न देने में परेशानी आ रही है। राशन दुकानों के संचालकों को इस समस्या को लेकर सोमवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने ज्ञापन के जरिए कलेक्टर को अवगत कराया कि पॉश मशीन में आ रही समस्या से हितग्राहियों को खाद्यान्न दे नहीं पा रहे हैं, जिसके कारण दुकान में हितग्राही और संचालक के बीच विवाद की स्थिति बन रही है। ऐसी स्थिति में अक्सर दुकान संचालक के खिलाफ ही कार्रवाई होती है, जबकि विवाद का कारण सर्वर प्रॉब्लम और खराब पॉश मशीन है।

### सिटी सेंटर मॉल पर 20 हजार जुर्माना



**रायपुर।** जोन-2 अमले ने सिटी सेंटर मॉल द्वारा मिक्स कचरा देने और गंदगी फैलाने पर 20 हजार रुपए जुर्माना लगाया। इसी तरह देवेंद्र नगर के कॉफी व क्रस्ट सेंटर पर अपशिष्ट सामग्री बाहर फेंकने पर 5 हजार रुपए जुर्माना किया। जोन-2 के स्वास्थ्य विभाग ने जनशिकायत मिलने पर देवेंद्र नगर स्थित सिटी सेंटर मॉल की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्थल पर मिक्स कचरा देने व गंदगी फैलाने की शिकायत सही मिली। इसके लिए सिटी सेंटर मॉल के संचालक को चेतावनी देते हुए 20 हजार रुपए जुर्माना किया। इसी तरह वार्ड 26 के कुंदरापारा गुढ़ियारी में डेयरी संचालक पर डेयरी की गंदगी फैलाए जाने पर 10 हजार रुपए जुर्माना किया गया।

# एसडीएम-तहसीलदार पर गिरी कमिश्नर की गाज, थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तीन दिन की छुट्टी के बाद सोमवार को सरकारी दफ्तर खुलते ही संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने तहसील कार्यालय रायपुर का औचक निरीक्षण किया। सुबह 10 बजे पहुंचकर उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति व लेटलतीफी की पड़ताल की। इसके बाद उन्होंने राजस्व प्रकरणों की जानकारी ली। इस दौरान ऐसे कई प्रकरण लंबित मिले, जिनमें सिर्फ आर्डर जारी होने थे। आर्डर जारी नहीं कर उन्हें लंबित कर रखा गया था। इसके अलावा कई प्रकरण का रिकार्ड ऑनलाइन नहीं मिला। इस पर आयुक्त ने गहरी नाराजगी जताते हुए इस मामले में एसडीएम नंदकुमार चौबे सहित एक तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। संभागायुक्त महादेव कावरे ने रायपुर के अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कार्यालय और तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। वे सुबह 10 बजे एसडीएम कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति देखी। सभी अधिकारी-कर्मचारियों को उपस्थिति देखने के बाद उन्होंने राजस्व प्रकरणों की जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम नंदकुमार चौबे तथा एक तहसीलदार के कोर्ट में कुछ प्रकरणों में आर्डर जारी नहीं करने और ऑनलाइन रिकार्ड दर्ज नहीं करने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने इस मामले में एसडीएम और तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिन के भीतर जवाब देने कहा है।

### सुनवाई हो चुके प्रकरणों के आदेश को लंबित रखने एवं ऑनलाइन रिकार्ड नहीं चढ़ाने पर जारी किया कारण बताओ नोटिस

#### कर्मचारियों की टेबल पर पद व नाम की पट्टिका लगाने दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान तहसील कार्यालय में कई कर्मचारियों के टेबल पर उनके पद व नाम की पट्टिका नहीं मिली। इसे लेकर कमिश्नर ने जल्द से जल्द कर्मचारियों के टेबलों पर पद व नाम प्रदर्शित करने वाली पट्टिका लगाने के निर्देश दिए।



#### 4 हजार से अधिक प्रकरण लंबित

विदित हो कि रायपुर तहसील कार्यालय में 4 हजार से अधिक राजस्व प्रकरण लंबित है, वहीं जिले में लंबित प्रकरणों की संख्या करीब 9 हजार है। इस तरह सर्वाधिक लंबित प्रकरण रायपुर तहसील में है।

#### 54 कर्मचारियों को पहले जारी किया गया है नोटिस

लेटलतीफी के मामले में कमिश्नर ने औचक निरीक्षण के दौरान पूर्व में विभिन्न विभागों में पदस्थ 54 अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस जारी कराया है। इन सभी अधिकारी-कर्मचारियों को 3 दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। सूत्रों के अनुसार इनमें से कई अधिकारी-कर्मचारी जवाब दे दिए हैं, लेकिन अभी भी कई अब तक जवाब दिए नहीं हैं।

#### नियमानुसार की जाएगी कार्रवाई

लेटलतीफी मामले में नोटिस देने वालों से जवाब मांगा गया है। जवाब संतोषजनक नहीं होगा तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में वेतन कटौती का भी प्रावधान है।

**- महादेव कावरे**
आयुक्त संभागाध्यक्ष

### आज रायपुर उत्तर, कल दक्षिण और रायपुर पश्चिम की तिरंगा यात्रा

# भारत माता की महाआरती कल मुख्यमंत्री साय होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर की विधानसभाओं में तिरंगा यात्रा का आगाज सोमवार से हो गया है। अब मंगलवार को जहां रायपुर उत्तर की तिरंगा यात्रा होगी, वहीं बुधवार को रायपुर पश्चिम और रायपुर दक्षिण की तिरंगा यात्रा होगी। 14 अगस्त को राजधानी में दो बड़े कार्यक्रम भी होंगे। एक भारत माता की महाआरती भारत माता चौक पर होगी। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री मेडिकल कॉलेज के सभागार में होने वाले विभाजन विभीषिका कार्यक्रम में भी रहेंगे।

भाजपा के प्रदेश संगठन ने 11 से 14 अगस्त तक हर विधानसभा में तिरंगा यात्रा करने का फैसला किया है। इसका प्रारंभ एक दिन पहले ही रविवार को हो चुका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव से तिरंगा यात्रा का प्रारंभ किया। इसी के साथ प्रदेश के मंत्री भी अपने विधानसभा की तिरंगा यात्रा में शामिल हो रहे हैं। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव जगदलपुर की तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इसी तरह से कृषि मंत्री रामविचार नेताम रामचंद्रपुर की तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। जनपद पंचायत खड़गवां की तिरंगा यात्रा में कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल शामिल हुए। 14 अगस्त तक सभी विधानसभाओं में तिरंगा यात्रा पूरी हो जाएगी। सभी विधायक अपने विधानसभा की तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे।



#### भारत माता की आरती कल

रायपुर पश्चिम की तिरंगा यात्रा को हमेशा की तरह ही खास बनाने का काम किया गया है। बुधवार को निकलने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर विधायक राजेश मूणत ने बताया, बीते साल की तरह ही इस बार भी डेढ़ किलो लंबा तिरंगा, यात्रा में रहेगा। तिरंगा यात्रा में दो हजार बाइक सवार भी शामिल होंगे। तिरंगा यात्रा के बाद भारत माता चौक में महाआरती भी होगी। इसमें विशेष रूप से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ प्रदेश के कई मंत्री, विधायक, सांसद भी शामिल होंगे। बुधवार को मेडिकल कॉलेज सभागार में विभाजन विभीषिका पर गोष्ठी में मुख्य वक्ता प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे।

#### आज-कल रायपुर में तिरंगा यात्रा

राजधानी रायपुर की चार विधानसभाओं में तीन दिनों तक तिरंगा यात्रा होगी। सोमवार को रायपुर ग्रामीण के दो मंडलों में तिरंगा यात्रा निकली है। इसी के साथ तात्यापारा और सदर बाजार मंडल में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। अब मंगलवार को रायपुर ग्रामीण के बचे दो मंडलों में तिरंगा यात्रा होगी। मंगलवार को ही रायपुर उत्तर और रायपुर ग्रामीण विधानसभा में भी तिरंगा यात्रा निकलेगी। विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया रायपुर उत्तर की तिरंगा यात्रा और बाइक रैली अवंति चौक के पास पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के पास से दोपहर तीन बजे प्रारंभ होगी और समापन शारदा चौक में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के पास होगा।

### ई-निविदा में गड़बड़ियां

# लोक आयोग में लगातार शिकायतों के बाद नगरीय निकाय ने अफसरों को चेताया

प्राइस बीड ओपनिंग प्रक्रिया पूरी नहीं कर रहे हैं निविदा पद्धति के विपरीत है ऐसा करना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में की जाने वाली 20 लाख तक की ई निविदा और बस्तर संभाग के लिए की जाने वाली 50 लाख से अधिक की ई निविदाओं में गड़बड़ी की जा रही है? यह बात लोक आयोग के सामने बार-बार शिकायतों के रूप में सामने आई है। अब इस मामले को लेकर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्तों, पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को चेताया है। निकायों से कहा गया है कि वे इस संबंध में शासन के निर्देश और लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी मैनुअल के मुताबिक काम करें।

**ये है मामला :** छत्तीसगढ़ लोक आयोग ने इस मामले में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पत्र भेजकर जानकारी दी है कि लोक आयोग को विभिन्न माध्यमों से बार-बार ये शिकायत मिल रही है कि निकायों द्वार ई निविदा की कार्यवाही शासन द्वारा निर्धारित मैन्युअल के अनुसार नहीं की जा रही है। इसमें गड़बड़ी ये है कि ई निविदा में विभाग द्वारा प्राईस बीड ओपनिंग प्रक्रिया पूरी नहीं करने के कारण प्राइस बीड प्रदर्शित नहीं हो रहा है। यह निविदा पद्धित के विपरीत है।

#### अब निकाय प्रमुखों को चेतावनी

ई निविदा के मामले में लोक आयोग के पास पंहुच रही शिकायतों के मद्देनजर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रदेश के सभी निगम आयुक्त, पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को जारी निर्देश में कह गया है कि निकायों द्वारा जारी किए जा रहे ई प्रोक्योरमेंट संबंधी तकनीकी परिपत्र, दर सूची और निविदा प्रक्रिया की जानकारी अनिवार्य रूप से लोक आयोग को भेजी जाए। ये भी चेतावनी दी गई है कि ई निविदा की कार्यवाही नियमानुसार नहीं करने पर संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे एवं सीधे अनुशासन की कार्रवाई की जाएगी।

#### 20 से 50 लाख की निविदाएं होती हैं जारी

राज्य के नगरीय निकायों, नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों द्वारा चिप्स के अधीन ई प्रोक्योरमेंट वेबसाईट के माध्यम से प्रदेश के सभी नगरीय निकायों द्वारा 20 लाख एवं बस्तर संभाग के लिए 50 लाख से अधिक की निविदाएं ई निविदा के माध्यम से की जा रही है। हालांकि इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा ई निविदा को लेकर शासन के आदेश और लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी मैन्युअल के अनुसार कार्यवाही करने का आदेश दिया गया है। लेकिन अब लोक आयोग को इसी मामले में बार-बार मिल रही शिकायतों से साफ हुआ है कि इस मामले में निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है।

# मंत्रालय संवर्ग के सेटअप में 134 पदों की वृद्धि का प्रस्ताव

सरकार को कमेटी देगी अपनी सिफारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लंबे समय बाद राज्य सरकार विभागों के सेटअप में बदलाव करने जा रही है। इसके लिए एक कमेटी भी बनाई गई है, जो अपनी सिफारिश सरकार को देगी। मंत्रालय संवर्ग के सेटअप में 134 पदों की वृद्धि प्रस्तावित है। इसके लिए पूर्व में ही बजट का प्रावधान भी कर दिया गया है, लेकिन अभी तक सेटअप का पूरा खाका सामने आया नहीं है।

राज्य गठन के बाद कई विभागों में पहली बार सेटअप में संशोधन किया जायेगा। मौजूदा वक्त में सरकार अपने 45 विभागों के जरिए काम करती है। मंत्रालय के सेटअप को अब तक मंजूरी नहीं मिली है, जबकि सचिव जीएडी, वित्त और मुख्य सचिव की मंजूरी के बाद विभागीय मंत्री मुख्यमंत्री का अनुमोदन हो चुका है। बजट में 5 करोड़ सालाना बजट भी मंजूर हो गया है। सेटअप के लिए जो कमेटी बनायी गयी है, उसमें अपर सचिव वित्त डॉ.एके सिंह अध्यक्ष, सदस्यों में जीएडी के उपसचिव, हर विभाग के संयुक्त सचिव या उप सचिव, वित्त विभाग के नियम शाखा के अवर सचिव राजीव झाड़े शामिल हैं। समिति के प्रतिवेदन को लेकर कोई समयावधि तय नहीं की गई है। लेकिन माना जा रहा है कि कमेटी की तरफ से प्रस्ताव जल्द ही भेज दिया जायेगा।

#### राज्य गठन के बाद नहीं बदले गए सेटअप

इनमें से अधिकांश विभागों के सेटअप राज्य गठन के बाद से बदले नहीं गये हैं। हालांकि अलग-अलग समय पर सेटअप में संशोधन की मांगें उठती रही है, लेकिन किसी ना किसी वजह से अड़चने आती रही है। ऐसे में विभागों में अतिरिक्त प्रभार वाली परंपरा बढ़ती चली गयी। आज भी कई अधिकारियों के बाद अलग-अलग सेक्शन के प्रभार हैं। राज्य और केंद्र की कई योजनाओं का काम अतिरिक्त प्रभार के भरोसे ही चल रहा है। खासकर आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास, जल जीवन मिशन, समग्र शिक्षा मिशन, जैसे बड़े बजट के अभियान में भी अधिकारियों व कर्मचारियों का टोटा है।

#### संविदा और प्लेसमेंट से चल रहा काम

आज की स्थिति में राज्य सरकार के अधिकांश विभाग या तो संविदा कर्मचारी या फिर प्लेसमेंट कर्मियों के भरोसे चल रहा है। इतना ही नहीं पदों की स्वीकृति न होने से कई रेगुलर पदों पर भी संविदा कर्मी कार्यरत हैं। लिहाजा बढ़ते कामों और सेटअप में संशोधन की जरूरतों को देखते हुए अब सरकार ने मंत्रालय संवर्ग के सेटअप के संशोधन की प्रक्रिया की अनुमति देकर कमेटी का भी गठन कर दिया गया है।

# केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र बोले- हाथी पारिस्थितिकी तंत्र के इंजीनियर

गुरु घासीदास अभयारण्य के टाइगर रिजर्व बनने से बाघों के साथ हाथियों को सुरक्षित रहवास मिलेगा : साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विश्व हाथी दिवस के अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव सोमवार को एक होटल में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में मानव-हाथी द्वंद्व को कैसे रोका जाए, इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हाथियों का छत्तीसगढ़ के साथ गहरा नाता बताते हुए राजिम स्थित राजीव लोचन मंदिर तथा जांजगीर के राजा जाज्वल्य देव का उदाहरण पेश किया।

केंद्रीय वन मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हाथियों के संरक्षण के लिए भारत की भागीदारी से किए गए प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हाथियों के संरक्षण में भारत की अग्रणी भूमिका रही है। केंद्रीय मंत्री ने हाथियों के संरक्षण एवं मानव कल्याण सुनिश्चित करने के लिए अंतर-क्षेत्रीय जुड़ाव (क्रॉस सेक्टोरल एंगेजमेंट) की आवश्यकता पर बल दिया। केंद्रीय मंत्री के मुताबिक, यदि हम हाथियों को बचाएंगे तो वन भी समृद्ध होंगे, क्योंकि हाथियों को 'पारिस्थितिकी तंत्र के इंजीनियर' के रूप में जाना जाता है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार छत्तीसगढ़ में मानव-हाथी द्वंद्व कम करने उच्च प्राथमिकता दी गई है।



#### राज्य में हाथियों के संरक्षण पर कार्य

मुख्यमंत्री श्री साय के मुताबिक, अभी हाल ही में गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान और तमोर पिंगला अभयारण्य को मिलाकर टाइगर रिजर्व बनाने का बड़ा निर्णय लिया गया है। यह देश का तीसरा सबसे बड़ा तथा छत्तीसगढ़ का चौथा टाइगर रिजर्व होगा। इसके बनने से न केवल बाघों की संख्या बढ़ेगी, अपितु हाथियों को भी सुरक्षित रहवास मिलेगा। इसके बनने से हाथी-मनुष्य द्वंद्व भी घटेगा। इसके साथ ही लेमरू हाथी रिजर्व क्षेत्र के माध्यम से सरगुजा, कोरबा, रायगढ़ जिलों में हाथियों के संरक्षण पर काम हो रहा है। श्री साय के अनुसार छत्तीसगढ़ की संस्कृति में जनजातीय समुदाय हाथियों को बहुत शुभ मानते हैं।

#### छत्तीसगढ़ जैव विविधता से परिपूर्ण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती जैव विविधता से समृद्ध है। जंगली भैंस, पहाड़ी मैना तथा बाघ और हाथी जैसे वन्यजीव हमारे जंगलों की शान हैं। राज्य के जंगल हमेशा से हाथियों के प्राकृतिक रहवास रहे हैं। हमारे प्रदेश में हाथियों के ऐतिहासिक साक्ष्य भी मिलते हैं। भागवत पुराण के गजेंद्र मोक्ष की कथा छत्तीसगढ़ की है, यह सुंदर कथा राजीव लोचन मंदिर में भी अंकित है, यहां पर भगवान राजीव लोचन को कमल का पुष्प चढ़ाते हाथी को अंकित किया गया है। जांजगीर के राजा जाज्वल्य देव ने गज शार्दुल की उपाधि धारण की थी।

### पिछले साल के बराबर जलभराव, गंगरेल और सोंढूर से छोड़ा गया पानी

# सावन की बारिश ने खत्म किया सूखा, बांध लबालब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में शुरुआती दौर पर बारिश न होने का असर बांधों पर पड़ा था, सावन में तीन सप्ताह की बारिश के बाद प्रदेश के प्रमुख बांध लबालब हो गए हैं। पिछले साल तक हुए जल भराव की बराबरी भी कर ली है। गंगरेल में अब तक लगभग 92 प्रतिशत जल भराव है। यहां से 4.235 टीएमसी पानी छोड़ा गया, जिसे रूद्री बांध में संग्रहित किया गया है। वहां से महानदी में पानी छोड़ा गया। रूद्री बैराज के सभी गेट बंद कर साइड के गेट से 1642 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। वहीं सोंढूर बांध के पांच गेट खोले गए हैं, जहां से 2650 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जो दुधावा बांध पहुंच रहा है। मुरूमसिल्ली बांध जल्द भरने के करीब है। 5.839 टीएमसी क्षमता के इस बांध में 4.829 टीएमसी पानी है। बांध में अब भी 798 क्यूसेक पानी प्रति सेकंड की आवक है। छत्तीसगढ़ में जुलाई में कम बारिश की वजह से प्रदेश के बांधों की स्थिति चिंताजनक थी। अंतिम सप्ताह से शुरू हुई बारिश के बाद बांधों में जल भराव 2023 की तुलना में काफी पिछड़ा रहा। अगस्त के दूसरे सप्ताह में बांधों में पानी की आवक बढ़ने से 12 बड़े बांधों में 70 प्रतिशत से अधिक जलभराव है। वर्ष 2023 में इसी अवधि में 70 प्रतिशत पानी था। वहीं 34 मध्यम बांधों में 80 प्रतिशत से अधिक जल भराव हो गया है, जो पिछले साल के मुकाबले 1 प्रतिशत अधिक है। वहीं बारिश की स्थिति देखी जाए, तो प्रदेश में एक जून से अब तक राज्य में 756 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1698 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 377 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। जुलाई के अंतिम सप्ताह से हो रही लगातार बारिश से पूरे प्रदेश में बड़े बांधों में 70 और मध्यम बांधों में 80 प्रतिशत से अधिक जल भराव है, जो पिछले वर्ष के बराबर है।

#### बांगो में 75 प्रतिशत पानी

पिछले कुछ दिनों के दौरान प्रदेश भर में हुई झमाझम बारिश के बाद भी प्रदेश का सबसे बड़ा मिनीमाता बांगो बांध खाली है। गांव माचाडोली के पास हसदेव नदी पर निर्मित बांगो डैम में अभी 75 फीसदी जलभराव हुआ है। बांगो बांध से सैकड़ों हेक्टेयर खेतों की सिंचाई की जाती है। इसके साथ ही यहां 120 मेगावाट का हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट संचालित है। प्रदेश के कई अन्य पावर प्लांटों को भी बिजली उत्पादन के लिए यहां से पानी जाता है।

#### गंगरेल में 92 प्रतिशत पानी

धमतरी जिले के गंगरेल बांध में 70 हजार क्यूसेक पानी का आवक कैंचमेंट एरिया ये होने के कारण वह अब बढकर 92 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यहां पर पिछले साल इसी अवधि में 77 प्रतिशत जल भराव था, जो 15 प्रतिशत अधिक है। वहीं तांदुला बांध में अब 87 प्रतिशत पानी है जो पिछले साल के मुकाबले 3 प्रतिशत अधिक है। मुरूमसिल्ली में 83 प्रतिशत जल भराव है।

#### अन्य बांधों में इतना पानी

इसके अलावा प्रदेश के अन्य बांधों में सिकासार में 90, सोंढूर में 74, कोडार में 41, खपरी, खारंग, सुतियापाट, मनियारी और रूसे बांध में 100 प्रतिशत जल भराव है। प्रदेश के सरगुजा क्षेत्र में कम बारिश का असर वहां के बांधों पर भी पड़ा है। यहां पर बांधों में निस्तारी और अन्य उपयोग का पानी भरा है। यहां पर रिमझिम बारिश से बांधों की स्थिति में सुधार हो रहा है।



## खबर संक्षेप



### मूक-बधिर बच्चों को बांटे कपड़े, जरूरी सामान भी

**रायपुर।** राजधानी में सेवा ग्रुप के नाम से कार्य कर रही महिला मंडल की सदस्य ममता सुराना ने बताया कि विगत 2 वर्षों से उनका संगठन मूक-बधिर बच्चों, वृद्धाश्रम एवं महिलाओं से संबंधित क्षेत्रों में सेवा देने का कार्य करता है। इसी कड़ी में सोमवार को माना स्थित मूक-बधिर बच्चों के आश्रम में जाकर उन्हें कपड़े, फल एवं जरूरी सामान दिए गए। साथ ही सेवा ग्रुप के कार्यक्रम के कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए ममता सुराना ने बताया कि उनका सेवा ग्रुप हर रविवार को सेवा कार्य निरंतर करता रहता है। साथ ही लोगों को भी समाजहित में कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।

### दिशा को पीएचडी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय ने कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी की दिशा केशरवानी को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय "डेवलपमेंट एंड कैरेक्टराइजेशन ऑफ नैनो कॅरियर सिस्टम ऑफ डिआसेरे फॉर टॉपिकल एप्लिकेशन" रहा। उन्होंने अपना शोधकार्य श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज भिलाई की प्रोफेसर एवं डायरेक्टर डॉ. स्वर्णाली दास पॉल के मार्गदर्शन एवं कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रोफेसर डॉ. त्रिलोचन सतपथी तथा ट्राइबल यूनिवर्सिटी अमरकंटक के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ऋषि पालीवाल के सह मार्गदर्शन में किया।

### श्रिया को पीएचडी



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ने श्रिया शर्मा को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की है। श्रिया ने एनॉलिटिकल स्टडी ऑफ इंडस्ट्रियल एरियास टू द डेवलपमेंट ऑफ छत्तीसगढ़ (स्पेशियल रिटेंश टू रायपुर डिवीजन) विषय पर शोध किया। जिस पर उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. श्रिया ने शोधकार्य दुर्गा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेंद्र शुक्ला के निर्देशन में पूर्ण किया है। डॉ. शर्मा की उपलब्धि पर एमवीपीजी कालेज, दुर्गा महाविद्यालय के प्राचार्य, वाणिज्य विभाग एवं स्टाफ ने हर्ष जताया है। वे महावीर कालोनी निवासी प्रधानपाठक सुशील शर्मा व स्काउट गाइड संघ की जिला उपाध्यक्ष शिक्षाविद डॉ. मंजू शर्मा की पुत्री हैं।

## निधन

### नंदलाल खटवानी



**रायपुर।** अवनि विहार मोवा निवासी नंदलाल खटवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 अगस्त को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे सुनील खटवानी के पिता थे।

### डॉली कृष्णानी



**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर निवासी डॉली कृष्णानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 अगस्त को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से न्यू राजेन्द्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मोहनलाल कृष्णानी की पुत्री थीं।

### आसुदामल धीरानी



**रायपुर।** विशाल नगर तेलीबांधा निवासी आसुदामल धीरानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 अगस्त को सुबह 11.30 बजे उनके निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे रमेश धीरानी के पिता थे।

# पांच राज्यों के साइबर जालसाजों को स्थानीय निवासी चंद पैसों के लालच में बैंक अकाउंट उपलब्ध करा रहे

## रेंज साइबर पुलिस की जांच में सनसनीखेज खुलासा

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

अलग खबर

साइबर जालसाजों की नजर में छत्तीसगढ़ सॉफ्ट टार्गेट है। इसके चलते कई राज्य के साइबर जालसाज स्थानीय लोगों को तरह-तरह के झांसा देकर अपने जाल में फंसाकर ठगी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। इसी कड़ी में रेंज साइबर पुलिस ने अपनी जांच में पाया है कि दूसरे राज्य के साइबर जालसाज एजेंट के माध्यम से लोगों को अपने झांसे में लेकर चंद पैसों का लालच देकर उनका अकाउंट किराए पर ले रहे हैं। अकाउंट किराए पर लेकर ठगी करने की ऐसी ही दो घटनाएं रायपुर के आजाद चौक तथा दुर्ग के एक थाना में सामने आई है। साइबर पुलिस ने अकाउंट किराए पर देने वाले लोगों को इस संबंध में अलर्ट किया है।

गौरतलब है कि ऑनलाइन जालसाजी की घटना को अंजाम देने वाले जालसाज कार्पोरेट लेवल पर जालसाजी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। जालसाजी की घटना को अंजाम देने वाला जालसाज पुलिस से बचने अलग-अलग राज्य के लोगों के अकाउंट किराए पर लेते हैं। इसकी वजह जालसाजी की घटना में पुलिस जांच को प्रभावित करने के साथ उलझाना है। ठगी की जांच के दौरान पुलिस अकाउंट होल्डर तक पहुंचती है, तो अकाउंट होल्डर को भी जानकारी नहीं होती कि उसका अकाउंट जो किराए पर लिया है, वह इसका उपयोग ठगी के लिए कर रहा है।

### शेयर ट्रेडिंग, गूगल रिव्यू करने वाले लेते हैं किराए पर

रेंज पुलिस के अनुसार गूगल रिव्यू तथा शेयर ट्रेडिंग करने के नाम पर इन दिनों ठगी की घटनाएं ज्यादातर सामने आ रही हैं। शेयर ट्रेडिंग तथा गूगल रिव्यू के नाम से ठगी करने वालों ने अलग-अलग क्षेत्र के रहवासियों के अकाउंट किराए पर लेने की प्रथा शुरू की है। पूर्व की ठगी की घटनाओं में स्थानीय लोगों के अकाउंट किराए पर लेने की बात सामने नहीं आई है।

### इन राज्यों के जालसाज इस तरह की ठगी कर रहे

- **राजस्थान , हरियाणा** - रामगढ़, धार्मिक नगरी गोवर्धन, भरतपुर, अलवर तथा राजस्थान से सटे हरियाणा स्थि मेवात के जालसाज ओएलएक्स, फेसबुक तथा सेक्सटार्सन कर लोगों के साथ ठगी करते हैं।
- **दिल्ली** - दिल्ली के जालसाज मेट्रोमोनियम तथा शेयर ट्रेडिंग का झांसा देकर ठगी करते हैं।
- **बिहार** - बिहार के जालसाज लोगों को गूगल सर्च, लिंक भेजकर, टॉवर लगाने, लॉटरी तथा बिजली बिल का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाते हैं।
- **झारखंड** - जामताड़ा, देवधर, गिरीडीह, गोड्डा के जालसाज लोगों को बैंकिंग संबंधित झांसा देकर ठगी का शिकार बनाते हैं।
- **पश्चिम बंगाल**- 24 परगना तथा मिदनापुर से जालसाजों के पास बल्क में फर्जी आईडी के माध्यम से जालसाजों तक सिम पहुंच रहा है।
- **छत्तीसगढ़** - छत्तीसगढ़ के गरीब तथा मध्यमवर्गीय लोगों को पैसों का झांसा देकर जालसाज उनके नाम से सिम कार्ड लेने के साथ अकाउंट किराए पर लेने का काम कर रहे हैं।



## सड्डू के सेक्टर बीएसयूपी की रंगाई पोताई पहली ही बारिश में धुल गई

# दर्जनभर बीएसयूपी स्पॉट ऐसे जहां गंदे पानी की निकासी अटकी, जगह नहीं ढूंढ पाए अफसर

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

हरिभूमि सरोकार

नगर निगम द्वारा गरीबों के लिए शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बनाये गये आवासीय परिसर में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में निगम प्रशासन फिसड्डी साबित हो रहा है। 19 स्पॉट में से 12 स्पॉट ऐसे हैं, जहां गंदा पानी निकास के लिए अफसर आउटलेट की जगह नहीं ढूंढ पाये। इसके कारण सीवरेज का गंदा पानी आसपास के खाली प्लॉट या परिसर में बहने छोड़ दिया गया है। इससे रहवासियों की सेहत दांव पर लगी है। इसी तरह मुख्य मार्ग को कनेक्ट करने सड़क कच्ची होने से बारिश के समय आने-जाने में परेशानी हो रही है। लभांडी, सड्डू, कचना, दलदल सिवनी, भाठागांव सहित अन्य बीएसयूपी आवासीय परिसरों में इसी तरह की स्थिति बनी हुई है।

व्यवस्थापन के तहत शहर की झुग्गी झोपड़ी से व्यवस्थापित पात्र परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराने कचना, दलदल सिवनी, आमासिवनी ईरानी डेरा, इंद्रप्रस्थ रायपुरा, भाठागांव, सोनडोंगरी, हीरापुर, मठपुरैना, लभांडी,कोटा में बीएसयूपी बहुमंजिला आवासीय परिसर में फ्लैट में व्यवस्थापित किया है। इसमें से दर्जन भर साइट ऐसे हैं जहां घरों से निकलने वाले गंदा पानी के निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है। इसके कारण बदबूदार सीवरेज का पानी परिसर में बहकर जा रहा है। इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ने का अंदेशा है। इसकी शिकायत भुक्तभोगियों ने संबंधित जोन के कमिश्नर और निगम आयुक्त से लेकर महापौर तक की है।

महापौर एजाज ढेबर का कहना है, बगैर आउटसोर्सिंग कराये मच्छरों का शहर से खात्मा नहीं हो सकता, क्योंकि शहर में दर्जनभर बीएसयूपी स्पॉट ऐसे हैं, जहां गंदे पानी के निकासी के लिए अफसर जगह नहीं ढूंढ पाये। इस पर प्रमुखता से ध्यान देने की जरूरत है।

### लभांडी के संकल्प फेज 2 में फैला था डायरिया

सूत्रों के मुताबिक जोन 9 क्षेत्र के शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड स्थित लभांडी बस्ती से लगे प्रधानमंत्री आवासीय परिसर आदर्श संकल्प सोसाइटी फेज में सालभर पहले सीवरेज का गंदा पानी बोरवेल में रिसकर जाने से वहां रहने वाले करीब 100 परिवार गंदे पानी के पीने से डायरिया का शिकार हुए। उन्हें न केवल निजी व सरकारी अस्पतालों में उपचार के लिए भरती कराना पड़ा, बल्कि डायरिया संक्रमण बढ़ने से जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से आवासीय परिसर में सप्ताहभर तक स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच भी कराई। इस दौरान निगम मुख्यालय और जोन 9 की टीम ने सर्वे कर सीवरेज के गंदा पानी के निकासी की अस्थायी व्यवस्था कर खानापूर्ति कर दी।



### कबीरनगर का अंबेडकर बीएसयूपी परिसर जर्जर

नगर निगम जोन 8 के कबीर नगर में बनाया आंबेडकर बीएसयूपी आवासीय परिसर जर्जर हो चुका है। यहां के रहवासी असुरक्षित वातावरण में जीवन बिता रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास एवं बीएसयूपी आवास समिति के अध्यक्ष प्रीतम महानंद ने जर्जर भवन की ओर निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया है और इसकी मरम्मत कराने सहित मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

### पहले ही बारिश में धुल गई सफेदी, उखड़ गया प्लास्टर

सड्डू के सेक्टर 3 स्थित बड़े बीएसयूपी बहुमंजिला परिसर की निगम अमले ने हाल ही में प्लास्टर कर रंगरोगन कराया, पर पहली ही बारिश में बीएसयूपी परिसर की सफेदी धुल गई। यही नहीं दीवारों पर कराये गये पुट्टी भी जगह-जगह उखड़कर गिर रही है। सूत्रों के मुताबिक शासन स्तर शहर के अलग-अलग जोन में निर्मित 19 बीएसयूपी साइट के मेंटनेंस, रंगरोगन और सड़क मरम्मत, सीवरेज के लिए 7 करोड़ की स्वीकृति मिली है। इस राशि से जोनवार बीएसयूपी आवासीय परिसर की मरम्मत और रंगरोगन का काम कराया जा रहा है। इसमें 50 लाख के काम प्रत्येक बीएसयूपी परिसर में कराया जाना है।

### शिकायत आई है, एरिया चिन्हांकित कर रहे

बीएसयूपी आवासीय परिसर में गंदे पानी के निकासी, सड़क, पानी सहित अन्य तरह की समस्या को लेकर शिकायत आई है। शिकायत के आधार पर एरिया चिन्हांकित कर रहे हैं। शासन स्तर पर शहर में निर्मित बीएसयूपी आवासीय परिसर के मेंटनेंस को लेकर राशि स्वीकृत हुई है। इस राशि से मेंटनेंस का कार्य कराया जा रहा है। *- **राजेश शर्मा,** अधीक्षण अभियंता, नगर निगम रायपुर*

# मवेशियों को पकड़ने निगम को नहीं मिल रहे दक्ष मैनपावर

## अब टेंडर में प्रोफेशनल को प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

शहर की सड़कों पर यातायात में बाधक बने मवेशियों के झुंड को हटाने में पस्त नगर निगम अब इस काम में दक्ष व्यक्तियों को कलेक्टर दर पर 2 माह के लिए काम पर रखेगा। इसमें 50 कर्मचारी और 10 वाहन चालक रखने निगम के स्वास्थ्य विभाग ने निविदा जारी की है। यह टेंडर 28 अगस्त को खुलेगा।



- **कलेक्टर दर पर होगा भुगतान, 2 माह के लिए ठेका**

राजधानी के प्रमुख मार्गो, चौराहों और आउटर के इलाकों सहित बाजार क्षेत्रों में आवारा मवेशियों की धरपकड़ तेज होगी। तीन पाली में मवेशियों के धरपकड़ का अभियान चलाया जायेगा। इसके लिए 60 कर्मचारी प्लेसमेंट पर रखे जायेंगे। इसमें मवेशी पकड़ने के कार्य में दक्ष व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जायेगी। आउटर के जोन में 10-10 कर्मचारी और बाकी के 8 जोन में 5-5 अतिरिक्त कर्मचारी इस कार्य में लगाये जायेंगे। 10 जोन में काउकेचर की मदद से ये कर्मचारी शहर के अलग-अलग इलाकों में जाकर आवारा मवेशियों को पकड़कर गोठान ले जाकर छोड़ेंगे। बारिश के सीजन में सड़क पर मवेशियों के झुंड से होने वाली दुर्घटना के अंदेशा को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन ने यह निर्णय लिया है।

# अनुपम गार्डन से जर्जर यूनीपोल हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

- **अन्य जगहों से हटाई जाएंगे होर्डिंग्स**

राजधानी रायपुर में नगर निगम की टीम ने अनुपम गार्डन के पास जर्जर यूनीपोल को हटा दिया है। भारी भरकम होर्डिंग्स के गिरने से कोई हादसा न हो, इसलिए नगर निगम शहर के बड़े और पुराने होर्डिंग हटाने में जुट गया है। सोमवार सुबह अनुपम गार्डन में लगे बड़े यूनीपोल को बड़ी क्रेन मंगवाकर हटाया गया। शहर में पुराने और जर्जर यूनीपोल को हटाने नगर निगम की टीम एक्शन मोड में है। जीई रोड स्थित अनुपम गार्डन के पास लगा यूनिपोल जर्जर हो गया था। ऐसे में इसके कारण कोई हादसा न हो इसलिए सोमवार को इसे हटाने का काम शुरू किया गया। यूनीपोल को हटाने के लिए निगम ने बड़ी क्रेन भी मंगवाई। इस दौरान निगम के अधिकारियों ने यूनीपोल हटाने से पहले अनुपम गार्डन से आयुर्वेदिक कालेज जाने वाली सड़क को एक तरफ से वन वे कर दिया था। इससे कुछ समय तक जाम की स्थिति भी रही। इसके बाद भी यूनीपोल हटाने का काम जारी रहा।



### अलग-अलग पार्ट निकाला गया

अनुपम गार्डन में लगा यूनीपोल बड़ा होने के कारण उसे अलग-अलग पार्ट में निकाला गया। नगर निवेश विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद जल्द ही शहर में अन्य जगहों पर लगाये गये जर्जर होर्डिंग और यूनीपोल को हटाया जायेगा, ताकि आम जनता को किसी तरह की परेशानी ना हो।

# भैंसथान और चौबे कालोनी में गंदगी फैलाई, जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

- **डेयरी संचालकों पर जुर्माना**

नगर निगम जोन 7 अमले ने भैंसथान और चौबे कालोनी इलाके में गंदगी फैलाने पर 2 डेयरी संचालकों पर 14 हजार रुपये जुर्माना किया। साथ ही उन्हें नोटिस देकर रहवासी क्षेत्र से डेयरियां हटाने के निर्देश दिये।

शहर के रहवासी इलाकों में संचालित डेयरी को निगम सीमा से बाहर शिफ्ट करने नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग अभियान चला रहा है। सोमवार को जोन कमिश्नर प्रीति सिंह के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू के नेतृत्व में निगम अमले ने भैंसथान इलाके में नागपाल डेयरी पर गंदगी फैलाने पर 9 हजार रुपये जुर्माना किया। इसी तरह चौबे कालोनी में कैलाश कुमार तिवारी की डेयरी पर गंदगी फैलाने के लिए 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। संबंधित डेयरी संचालकों को चेतावनी दी गई कि जल्द वे अपनी डेयरियां निगम सीमा क्षेत्र के बाहर शिफ्ट नहीं किये, तो उस स्थिति में जोन 7 की टीम अभियान चलाकर मवेशियों को जब्त कर डेयरी को सीलबंद करने की कार्रवाई करेगी।

# गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में चैंबर का नाम हुआ शामिल

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

- **मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी और उनकी टीम को किया सम्मानित**

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का नाम अब गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि के लिए चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव की टीम को स्मृति चिन्ह एवं मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की टीम से छत्तीसगढ़ हेड सोनम शर्मा और अधिकृत संवाददाता राजेश शर्मा, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा प्रमुख रूप उपस्थित रहे।

प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी ने कहा, कि गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में चैंबर का नाम शामिल होना प्रदेश के व्यापारियों के लिए बड़े गर्व की बात है। वे इस उपलब्धि और सम्मान को चैंबर की टीम के साथ ही प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों को समर्पित करते हैं।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर किसी भी व्यापारिक संगठन द्वारा इस प्रकार का कीर्तिमान स्थापित करना बहुत ही कठिन है, पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रायपुर ने यह मुकाम हासिल कर दिखाया है। चैंबर के 64 वर्ष के इतिहास में यह पहली बार है कि इस कार्यकाल में 11,200 से अधिक सदस्य इस संस्था से जुड़े हैं।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि के लिए चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सहित चैंबर पदाधिकारी और सदस्यों को बधाई दी। इस मौके पर चैंबर सलाहकार सुरिंदर सिंह, जितेंद्र दोशी, परमानंद जैन सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

## पेज 09 के शेष ...

### एक दिन का लाइसेंस...

शासन ने बार, रेस्टोरेंट, पब, कैफे में रात 11 बजे के बाद शराब परोसने पर अंकुश लगाया है। साथ ही शासन ने पुलिस के साथ आबकारी विभाग को समय सीमा का सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया है। बावजूद इसके राजधानी के आउटर के इलाकों में संचालित बार, कैफे, पब तथा होटल में देर रात शराब परोसे जाने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। सोमवार को सोशल मीडिया में जो वीडियो वायरल हुआ है, उसमें युवक, युवती देर रात तक होटल तथा क्लब में जाम छलकाने के साथ मस्ती में झूमते दिख रहे हैं। राजधानी के युवाओं में पिछले कुछ समय से टेक्नो पार्टी का क्रेज बढ़ा है। इसके चलते बार, कैफे, होटल तथा क्लब में शनिवार, रविवार देर रात तक जाम छलकाने की महफिल सजती है। इसके कारण ऐसी जगहों में कई दफा मारपीट तथा अन्य तरह के विवाद की घटनाएं सामने आती रहती हैं। **शराब परोसने लेते हैं वन टाइम लाइसेंस** : आउटर के बड़े होटल, कैफे तथा क्लब में वीक एंड में शराब परोसने का काम ज्यादा रहता है। इसके लिए संचालक आबकारी विभाग से वन टाइम लाइसेंस हासिल कर शराब परोसने का काम करते हैं। शुल्क कम होने की वजह से शराब परोसने वाले वन टाइम लाइसेंस लेना ज्यादा पसंद करते हैं।

### पोर्टल पर 220 क्विंटल...

अंतर्गत ग्राम पंचायत दोंदेकला स्थित सदगुरु उद्योग की जांच की गई। इस जांच में पंजीकृत व्यापारियों से नियमित रूप से भंडारण की गई 1408.30 क्विंटल दाल पाई गई, जबकि मिल संचालक ने विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर मात्र 220.76 क्विंटल दाल की ही एंट्री की थी। शेष 1187.54 क्विंटल दाल की एंट्री नहीं की गई थी। इस मामले में विभाग ने मिल संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। **जुलाई में की गई थी जांच** : विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार खाद्य निरीक्षक विवेक मिश्रा, शैलेंद्र एक्का एवं धरसींवा खाद्य निरीक्षक देवेस देवदास ने संयुक्त रूप से 26 जुलाई 2024 को सदगुरु उद्योग का निरीक्षण कर जांच की थी। इस जांच में मिल संचालक द्वारा भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकृत व्यापारियों से नियमित रूप से भंडारण कर रखा गया दाल स्टॉक की एंट्री मात्र 220.76 क्विंटल दर्शाया गया था, जबकि मौके पर 1408.30 क्विंटल दाल पाई गई। **1187.54 क्विंटल दाल की गड़बड़ी** : मिल संचालक द्वारा पोर्टल पर की गई एंट्री की तुलना में 1187.54 क्विंटल कम पाया गया। इस तरह संचालक द्वारा भारी मात्रा में दाल की गड़बड़ी की जा रही थी। विभाग ने इस मामले में कारण बताओ नोटिस जारी कर मिल संचालक को 21 अगस्त को दोपहर 12 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब देने के लिए कहा है। नोटिस में निर्धारित तारीख और समय पर उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई है। **हर गुरुवार को एंट्री करना अनिवार्य** : विभागीय अधिकारियों ने बताया कि भारत सरकार की गाइड लाइन के अनुसार विभाग के पोर्टल पर मिल संचालकों को प्रत्येक सप्ताह में गुरुवार के दिन भंडारण की एंट्री करना अनिवार्य है। मिल संचालक इस गाइड लाइन का पालन भी नहीं कर रहा था।

**आम सूचना**

(ग्राम मंदिरहसौद प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. मंदिरहसौद पूर्व तहसील आरंग वर्तमान तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर क्रमशः 1231/2 रकबा 0.170 हे. खसरा नंबर 1231/ 5 रकबा 0.040 हे. खसरा नंबर 1231/7 रकबा 0.061 हे. खसरा नंबर 1262/4 रकबा 0.121 हे. खसरा नंबर 1262/6 रकबा 0.360 हे. कुल खसरा, 05 कुल रकबा 0.752 हे. याने 01 एकड़ 83 डिसमिल भूमि के संबंध में)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामीगण क्रमशः (1) परमानंद (2) गिरधारी (3) जगन्नाथ तीनों पिता श्री कलानाथ (4) मती बाई पति स्व. श्री गजानंद (5) लक्ष्मीनारायण (6) लक्ष्मण (7) रूप नारायण तीनों पिता स्व. गजानंद सभी निवासी बजरंग चौक मंदिर हसौद तहसील मंदिरहसौद जिला रायपुर छ.ग. के संयुक्त हक, हित, स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जो कि वाके ग्राम मंदिरहसौद प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. मंदिरहसौद पूर्व तहसील आरंग वर्तमान तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर क्रमशः 1231/2 रकबा 0.170 हे. खसरा नंबर 1231/5 रकबा 0.040 हे. खसरा नंबर 1231/7 रकबा 0.061 हे. खसरा नंबर 1262/4 रकबा 0.121 हे. खसरा नंबर 1262/6 रकबा 0.360 हे. कुल खसरा 05 कुल रकबा 0.752 हे. याने 01 एकड़ 83 डिसमिल भूमि है को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर लिया गया है । मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय संस्था, अर्द्धशासकीय शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि/संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी उज़र दावा या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं अवैध व शुन्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि अदा कर अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराने के लिए स्वतंत्र रहेगा। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 12.08.2024
**आशीष तिवारी (अधिवक्ता)**
**साहू किराना स्टोर्स के सामने रावतपुरा कॉलोनी फेस - 1 मठपुरैना रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.- 9827981229,**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2288 दिनांक 16.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में स्वतंत्र भवन क्रमांक- जुनियर एम.आई.जी - 11/216, को श्री नीरज गुप्ता पिता स्व. श्री रविन्द्र गुप्ता के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 26.06.2015 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री नीरज गुप्ता पिता स्व. श्री रविन्द्र गुप्ता, निवासी :- बाजार रोड पाली, जिला- कोरबा (छ.ग) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री आर उदय कुमार पिता श्री रामनाथन, निवासीः- प्लाट नं. 164, फ्लेट नं. एस1, श्री मारूती नगर कोज्हिपन्ने के पास बस स्टॉप कांचीपुरम मदम्बक्कम तमिल नाडू, को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29, में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- जुनियर एम.आई.जी - 11/216, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर जिला रायपुर(छ.ग.)**

**-: आम सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री अरविंद कुमार देवांगन, पिता-श्री लोचन प्रसाद देवांगन, निवासी-वार्ड क्र.-04, खरोरा, तहसील-खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेतागण भूमि स्वामी 1. श्रीमती मीना बेवा रामनाथ पटेल, 2. प्रवीण पटेल पिता रामनाथ पटेल, 3. संजय पटेल-पिता रामनाथ पटेल, 4. श्री अजय पटेल पिता-रामनाथ पटेल, निवासी-दलदल सिवनी, रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि मौजा ग्राम बनरसी, प.ह.नं.- 00048, रा.नि.मं. आरंग, तहसील-आरंग, जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित है जिसका ख.नं.- 2365, रकबा 0.7100 हे., ख.नं.-2366 रकबा 0.4700 हे., ख.नं. -2364/2 रकबा 0.3400 हे., ख.नं. - 2367/2 रकबा 0.1600 हे., ख.नं.-2368 रकबा 0.0800 हे. भूमि को क्रय करने का अनुबंध कर उपरोक्त विक्रेतागण को बयाना राशि दे दिया है अब अनुबंध की शर्तो के अनुसार विक्रय पत्र का पंजीयन निष्पादन ही शेष है।

अतः उक्त संपत्ति के स्वत्व आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति सरकारी व गैर सरकारी संस्था, साहूकार, बैंक, निगम आदि किसी को भी यदि कोई आपत्ति, उजर, दावा आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से 05 दिनों के अंदर मय दस्तावेजों के नीचे लिखे पते पर, मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा निर्धारित अवधि के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेगा, निर्धारित अवधि के पश्चात की गयी आपत्ति शुन्य व नाजायज समझी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

अतः सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 12.08.2024
**भवदीय**
**पवन पंसारी, अधिवक्ता**
**मलसाय तालाब के पास, प्रोफेसर कालोनी, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.-8319600830**

**न्यायालय तहसीलदार नजूल रायपुर के न्यायालय में मामला**
**क्रमांकः 202408114300006/14**
**विषयः- अ-20 (1) सन्-2023-2024**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

रायपुर प.ह.न. 00062 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- श्री बिरझू राम निर्मलकर,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बिरझू निर्मलकर पिता श्री बोधन निर्मलकर निवासी अमीनपारा पुजारी नगर रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा इस आशय से आवेदन पेश किया है कि मौजा अमीनपारा पुजारी नगर स्थित खसरा नंबर 84/1 भूखंड क्रमांक 9 रकबा 31.80 वर्गमीटर का पट्टा आवेदक के नाम पर दर्ज है। पट्टे की अवधि समाप्त होने के कारण पट्टा का नवीनीकरण किये जाने हेतु आवेदक द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 22/08/2024 तक कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/08/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
**लवन कुमार मंडल**
**न्यायालय तहसीलदार**
**नजूल रायपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### यूथ विंग ने मनाया हरित महोत्सव, किया पौधारोपण

**रायपुर।** राजीव लोचन फाउंडेशन यूथ विंग ने अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस को हरित महोत्सव के रूप में मनाया। इस अवसर पर यूथ विंग के पदाधिकारियों ने दिवंगत पूर्वजों एवं शहीदों को नमन करते हुए उनकी याद में श्रद्धांजलि स्वरूप नेताजी सुभाष महाविद्यालय में आंवला के पौधे लगाए। इस मौके पर फाउंडेशन अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया कि फाउंडेशन के सचिव तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक मिश्रा ने पौधे की सुरक्षा की जिम्मेदारी ली एवं पूर्ण रूप से बढ़ते तक देखभाल की व्यवस्था का संकल्प लिया। कार्यक्रम में यूथ विंग के पदाधिकारी अमित मिश्रा, असित मिश्रा, अपूर्व मिश्रा, आशीष मिश्रा, सुमित मिश्रा, रोमिल मिश्रा, राहुल मिश्रा, हर्षवर्धन मिश्रा, सोपान मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### अपेक्स बैंक और केंद्रीय बैंकों के 30 प्रतिभागियों को दिया प्रशिक्षण



**रायपुर।** पंडरी रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ सहकारी प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार को को-ऑपरेटिव बैंकों में अकृषि ऋण वितरण की प्रक्रिया, वसूली एवं सावधानियां, केवाईसी, सीटीआर, एसटीआर तथा मनी लांड्रिंग पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ। इस प्रशिक्षण में अपेक्स बैंक तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के 30 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में ग्रामीण बैंक के विषय विशेषज्ञ सेवानिवृत्त चीफ मैनेजर एससी दास एवं ग्रामीण बैंक के सेवानिवृत्त चीफ मैनेजर एसएस परिहार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ अपेक्स बैंक के महाप्रबंधक युगल किशोर तथा अपेक्स बैंक डीजीएम व प्रशिक्षण संस्थान के डायरेक्टर भूपेश चंद्रवंशी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहकारी प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक भूपेश चंद्रवंशी, अपेक्स बैंक एजीएम व शाखा प्रबंधक पंडरी अजय भगत, प्रशिक्षण संस्थान के उपनिदेशक एके लहरे, प्रशासकीय अधिकारी विमल सिंह तथा प्रतिभागी मौजूद रहे।

### दानवीर भामाशाह धाम मोवा में मनाया हरेली महोत्सव



**रायपुर।** मोवा साहू समाज उत्थान समिति के तत्वावधान में एलआईसी कॉलोनी स्थित दानवीर भामाशाह धाम मोवा में हरेली महोत्सव और सावन उत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में गेड़ी दौड़, मटकाफोड़, बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य, महिलाओं द्वारा सोलह श्रृंगार तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे गए थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू द्वारा समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान एवं समाज के व्यापारियों का सम्मान तथा देश के लिए बलिदान देने वाले वीर शहीद भरतलाल साहू के परिजनों का विशेष सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर अतिथि वार्ड पार्षद विश्वदिनी पांडे, साहू समाज शहर जिला युवा प्रकोष्ठ संयोजक देवदत्त साहू, कचना साहू समाज अध्यक्ष मोहन साहू , मोहन साहू सहित समाज के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आजादी के गौरव का एहसास कराने स्थापित तीन में से दो जयस्तंभ विकास की भेंट चढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समय के साथ रायपुर में आजादी के गौरव का एहसास कराने वाले स्तंभ भी विकास की भेंट चढ़ने लगे हैं। राजधानी के हृदय स्थल कहे जाने वाले जयस्तंभ चौक सहित लाखेनगर और खम्हारडीह चौक पर स्थापित गौरव स्तंभों में एक को ही चौराहे पर सम्मान मिला। वहीं लाखेनगर और खम्हारडीह में स्थापित किए गए आजादी के प्रतीक स्तंभ मूल स्थान से दरकिनार किए जा चुके हैं। इनको वापस मूल स्वरूप व स्थान देने की मुहिम शासन-प्रशासन की फाइलों में उलझी हुई है। राजधानी के इतिहास एवं साहित्यकार प्रो. रमेन्द्र नाथ मिश्र एवं सुरेश ठाकुर बताते हैं कि रायपुर छत्तीसगढ़ का इकलौता जिला है, जहां तीन अलग-अलग क्षेत्र के तीन स्थानों पर लोगों को गौरव का एहसास कराने के लिए गौरव स्तंभ स्थापित किया गया था। उनमें से अभी सिर्फ जयस्तंभ चौक को ही स्थापित स्थान पर रखा गया है। प्रो. मिश्र बताते हैं, लाखेनगर चौक पर स्थापित गौरव स्तंभ की जगह बदल दी गई है। उन्होंने हटाए गए संगमरमर के मूल स्तंभ को ही चौक के पास बनाए गए गोल घेरे यानी मूल स्थान पर स्थापित करने पर जोर दिया। इसी तरह खम्हारडीह चौक से गौरव स्तंभ को हटाने के बाद उसको अभी बिजली आफिस चौक की एक सूनसान गली में स्थापित किया गया है। वहां शहर के लोगों की नजर नहीं पड़ती और वह स्थान उचित भी नहीं है।

## अंग्रेजों से आजादी के बाद रायपुर में स्थापित किए गए थे तीन जयस्तंभ

### कई प्रमुख शहरों को जोड़ता है

इतिहासकार बताते हैं कि जयस्तंभ चौक आजादी के पहले शहर का प्रमुख चौराहा था। अब भी राजधानी सहित छत्तीसगढ़ के प्रमुख चौराहों में से एक है। यह विभिन्न शहरों को जोड़ता है। इसके पश्चिम में मुंबई, पूर्व में संबलपुर (ओडिशा), कोलकाता, दक्षिण में बस्तर, उत्तर में रांची है। पहले चौक के पास नगर पालिका भवन, रेलवे पुलिस दफ्तर, छुरा बाड़ा हुआ करता था। अब भी डाकघर होने से दिनभर लोगों का आना-जाना रहता है। अभी भी जयस्तंभ चौक गौरव के खास लम्हों की याद दिलाता है।




### सुर्खियों में आया जयस्तंभ

आजादी के पहले जयस्तंभ चौक की कोई पहचान नहीं थी। सुर्खियों तब आया, जब छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीरनारायण सिंह को अंग्रेजों ने 10 दिसंबर 1857 को फांसी दी। आजादी के बाद जब 15 अगस्त 1947 को चौक पर पहला गौरव स्तंभ स्थापित किया गया, तब इस चौक का नामकरण जयस्तंभ चौक हुआ।

### दो स्थानों पर नहीं जाते लोग

जयस्तंभ के शिलालेख का निर्माण 15 अगस्त 1947 को हुआ। इसे पहले अंग्रेजी के अक्षरों में लिखा गया था। उसको बाद में हिन्दी में लिखवाया गया। आजादी के बाद यह चौक कई बार गौरव के क्षण का साक्षी बना। जब-जब भारत को गौरव का एहसास दिलाने वाली कोई बड़ी उपलब्धि हाथ लगती है, लोग गौरव के उस लम्हें को यादगार बनाने के लिए भीड़ की शक्ल में जयस्तंभ के पास जुटते हैं। लाखेनगर व खम्हारडीह में लोग इसलिए नहीं जाते, क्योंकि उनका स्वरूप और स्थान बदला है।

## खपत में डेढ़ हजार मेगावाट का इजाफा, अब डिमांड पांच हजार मेगावाट

# बारिश थमी, बिजली की खपत बढ़ी, फिर चलने लगे एसी, कूलर और कृषि पंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सावन में लगातार झमाझम बारिश का क्रम थमते ही बिजली की खपत में इजाफा हो गया है। बारिश के कारण जो खपत कम होकर 35 सौ मेगावाट तक चली गई थी, वह अब पांच हजार मेगावाट हो गई है, यानी खपत में डेढ़ हजार मेगावाट का इजाफा हो गया है। इसके पीछे का कारण यह है कि बारिश न होने के कारण उमस की वजह से एसी और कूलर फिर से चलने लगे हैं। इसी के साथ प्रदेश की दो दर्जन से ज्यादा तहसीलों में बारिश कम होने के कारण वहां पर कृषि पंप भी चल रहे है। इधर स्टील उद्योगों के आंदोलन में प्रदेश सरकार के आश्वासन के बाद अब आधे उद्योगों के खुलने से भी खपत बढ़ी है। इस समय छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर उत्पादन कंपनी के दो संयंत्रों के खराब होने के कारण अपना उत्पादन भी कम हो रहा है। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से बिजली लेकर पूर्ति की जा रही है। सावन में बीते तीन सप्ताह से लगातार बारिश होने के कारण मौसम ठंडा होने के कारण प्रदेशभर में एसी और कूलरों का चलना बंद तो नहीं हुआ था, लेकिन 90 फीसदी तक कूलर-एसी नहीं चल रहे थे। इसकी वजह से खपत का ग्राफ गिर गया था। इसी के साथ कृषि पंप भी बहुत कम चल रहे थे। जुलाई के अंतिम सप्ताह से आंदोलन की वजह से उद्योग बंद होने के कारण भी खपत पर फर्क पड़ा था। ऐसे में बिजली की खपत 58 सौ मेगावाट से घटकर 35 सौ मेगावाट पर आ गई थी, लेकिन अब वापस खपत बढ़ गई है। जहां एसी और कूलर फिर चल रहे हैं, वहीं कृषि पंपों के भी चलने के कारण डिमांड बढ़ गई है।

### अपना उत्पादन 17 सौ मेगावाट

छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी की उत्पादन क्षमता 2980 मेगावाट है, लेकिन इस समय उत्पादन महज 17 सौ मेगावाट हो रहा है। इसके पीछे का कारण यह है कि इस समय कोरबा वेस्ट में 210 मेगावाट और श्यामा प्रसाद मुखर्जी तापगृह में 250 मेगावाट की इकाई बंद है। इसी के साथ उत्पादन यूनिट की जितनी क्षमता है, उत्पादन उससे कम हो रहा है। इसकी वजह से भी उत्पादन कम है। बिजली की खपत पांच हजार मेगावाट तक जाने पर इसकी पूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से तीन हजार मेगावाट बिजली ले रहे हैं। सेंट्रल सेक्टर से साढ़े तीन हजार मेगावाट तक बिजली ले सकते हैं। बीते साल मानसून में बारिश न होने के कारण अगस्त में खपत छह हजार मेगावाट के पार जा चुकी है।

# नगरीय निकाय कर्मचारियों ने दिया धरना, वन कर्मचारी भी हड़ताल पर

## तूता स्थित धरना स्थल पर नगरीय निकाय, नगर पालिका के कर्मचारियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर सोमवार को एक ही दिन 2 कर्मचारी संगठनों ने अपनी लंबित मांग को लेकर प्रदर्शन किया। वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने 9 सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन के दूसरे दिन नियमितीकरण व स्थायीकरण करने आवाज बुलंद की। इसी तरह नगरीय निकाय, नगर पालिका के कर्मचारी महंगाई भत्ता, नियमित रूप से प्रतिमाह 1 तारीख को वेतन भुगतान की मांग को लेकर एकदिवसीय धरने पर बैठे। प्रदेशभर के 7 हजार दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर इन दिनों अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद वर्मा, गिरधर जैन, शुभम जायसवाल के नेतृत्व में दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी हड़ताल पर रहे। नगरीय निकाय व नगर पालिका के कर्मचारियों ने नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर एक दिवसीय धरना दिया। आंदोलन में शामिल कर्मचारियों ने प्रतिमाह 1 तारीख को वेतन का भुगतान करने की मांग और महंगाई भत्ता को लेकर ध्यान आकर्षित कराया। आम आदमी पार्टी के कर्मचारी विंग के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार झा ने राज्य के वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों तथा नगरीय निकाय व नगरपालिका के कर्मचारियों की मांग का समर्थन करते हुए सभा को संबोधित किया। श्री झा ने कहा कि कर्मचारियों के नियमितीकरण और समय पर वेतन भुगतान की मांग जायज है। राज्य सरकार को चाहिए कि तत्काल इन कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा करे। विजय कुमार झा ने धरना स्थल पर आंदोलनकारी महिलाओं के लिए पानी व बाथरूम की व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी जताई। और राज्य सरकार से मांग की है कि धरना स्थल की जगह को बूढ़ापारा रायपुर के धरना स्थल में लाया जाये।

## बिजनेस साइट

### कलिंगा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय वेबिनार



**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय और पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग ने 12 अगस्त को 'डेटा के साथ अपने निर्णय को सशक्त बनाएं' विषय पर एक राष्ट्रीय स्तर का वेबिनार आयोजित किया। यह वेबिनार भारत के राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया, जो कि डॉ. एसआर रंगनाथन की 132वीं जयंती के अवसर पर था। डॉ. रंगनाथन को भारत में पुस्तकालय और सूचना विज्ञान का जनक माना जाता है। वेबिनार का संचालन विश्वविद्यालय के लाइब्रेरियन, प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. मोहम्मद नासिर ने किया, जिन्होंने सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और गमलों में लगे पौधे भेंट किए। इस अवसर पर कुलपति डॉ. आर. श्रीधर, रजिस्ट्रार डॉ. संदीप गांधी, डीन अकादमिक मामले डॉ. राहुल मिश्रा, डीन फैकल्टी ऑफ लॉ डॉ. अजीम खान और आईआईआईटी रायपुर के लाइब्रेरियन अजीत कुमार रॉय उपस्थित थे।

### श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय छात्र मिलन समारोह



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने अंतर्राष्ट्रीय छात्र मिलन समारोह 2024-25 की मेजबानी की, जिसमें विभिन्न देशों के छात्र अपनी सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन करने के लिए एकत्र हुए। यह कार्यक्रम पारंपरिक पोशाक, संगीत, नृत्य और वैश्विक व्यंजनों के साथ संपन्न हुआ। यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने अपने भाषण में अनुशासन और शैक्षणिक उत्कृष्टता के महत्व पर बल दिया और यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता को उजागर किया। कुलपति प्रो. एसके सिंह ने सम्मेलन के विषय 'व्यक्तिगत और वैश्विक उत्कृष्टता' की सराहना की और बताया कि एकल सांस्कृतिक परिवेश में समग्र अध्ययन की संभावनाएं सीमित हैं। प्रति-कुलाधिपति हर्ष गौतम ने भी समारोह की सराहना की और कहा कि यूनिवर्सिटी अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के शैक्षणिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है और उनका समर्थन करने के साथ-साथ हमारी संस्कृति, रचनात्मकता और ज्ञान के आदान-प्रदान के बारे में हमेशा क्रियाशील है।

### मैट्स विवि में राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस



**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय के मैट्स स्कूल ऑफ लाइब्रेरी साइंस विभाग द्वारा राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा भाषण, कविता और पोस्टर कला का प्रदर्शन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से भागीदारी निभाई। हर साल 12 अगस्त को भारत के पहले पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. डॉ. एसआर रंगनाथन की जयंती के अवसर पर यह दिवस मनाया जाता है। इस साल भी प्रो. रंगनाथन की 132वीं जयंती पर पुस्तकालय और सूचना विज्ञान विभाग ने इस दिन को बड़े उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कल्पना चंद्राकर, विभागाध्यक्ष, मैट्स स्कूल ऑफ लाइब्रेरी साइंस ने की। विशिष्ट अतिथियों में मैट्स विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रियेश पगारिया और कुलपति प्रो. डॉ. केपी यादव शामिल थे। कार्यक्रम की सफलता में लाइब्रेरी साइंस विभाग के शिक्षक और सहायक प्राध्यापक संजय शाहजीत, लाकेश कुमार साहू, कुलेश्वर प्रसाद देवांगन और सहायक ग्रंथपाल गिरधारी लाल पाल का विशेष योगदान रहा।

### स्वतंत्रता दिवस पर बैंक ऑफ इंडिया का विशेष समझौता दिवस

**रायपुर।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बैंक ऑफ इंडिया 16 और 17 अगस्त 2024 को 'आजादी ऋण से' (ओटीएस) के तहत एक विशेष समझौता दिवस का आयोजन करेगा। यह समझौता दिवस देशभर में बैंक की सभी शाखाओं, अंचलों और एफजीएमओ में आयोजित किया जाएगा। समझौता दिवस उन एनपीए उधारकर्ताओं के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया है, जो व्यवसायिक या चिकित्सा समस्याओं या अन्य वास्तविक कारणों से समय पर अपना ऋण चुकाने में असमर्थ रहे हैं। बैंक छोटे और मध्यम आकार के एनपीए खातों के निपटान के लिए विशेष ओटीएस योजनाएं प्रदान कर रहा है, जिनके तहत उधारकर्ताओं को आकर्षक छूट की सुविधा उपलब्ध है।

### छत्तीसगढ़ राज्य अध्याय के आईडब्ल्यूई की बैठक



**रायपुर।** होटल ब्लू बेरी रायपुर में सोमवार को छत्तीसगढ़ राज्य अध्याय के आईडब्ल्यूई की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेसी सिंघल की उपस्थिति रही। इस अवसर पर इंजीनियर एसके अग्रवाल को सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ राज्य अध्याय का अध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त इंजीनियर आलोक महावर को उपाध्यक्ष, डॉ. के. पाणिग्राही को मानद सचिव और इंजीनियर डीपी शर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। श्री सिंघल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष को शपथ दिलाई। इस बैठक में रायपुर और दुर्ग के 50 से अधिक इंजीनियरों और पर्यावरणविदों ने भाग लिया। एसके शर्मा को श्री सिंघल द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। एसके अग्रवाल ने श्री सिंघल को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# 40 डेवलपर्स 200 सौ प्रोजेक्ट में रेरा के साथ लोगों को देंगे अपना घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो के बारे में आयोजकों ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

घर खरीदने का सपना हर परिवार का होता है। इस सपने को पूरा करने के लिए हर साल की तरह पांचवी बार शहर के बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में 23 से 25 अगस्त तक क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रापर्टी की जानकारी देने के लिए रेरा का काउंटर भी लगेगा। वहां प्रापर्टी खरीदने आने वाले लोग सही जानकारी लेने और परख करने के बाद अपने बजट के अनुरूप अपना घर खरीद सकेंगे। राजधानी के पंडरी स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकारवार्ता में क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो के अध्यक्ष संजय रहेजा, प्रोग्राम के चेयरमैन ऋषभ जैन, नवनीत अग्रवाल और पंकज लाहोटी ने यह जानकारी दी। उन्होंने आगे बताया कि इसमें बैंक फाइनेंस की सुविधा देने के लिए बैंकों से जुड़े लोग भी मौजूद रहेंगे। एक्सपो में 40 डेवलपर्स अपने 200 प्रोजेक्ट लोगों के सामने रखने वाले हैं। हर व्यक्ति के बजट को देखते हुए फ्लैट, मकान, विला, जमीन भी खरीदने का अवसर देंगे। हर तरह से जांच परख करने के लिए भी लोगों को एक्सपो में अवसर दिया जाएगा। इसे जांचने और परखने के बाद ही लोग अपने घर का सपना पूरा कर सकेंगे।

# अड्डेबाजी जांच के दौरान पुलिस ने शातिर को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में दो माह पूर्व पांच लाख रुपए चोरी की घटना को पुलिस ने सुलझाने में कामयाबी हासिल की है। चोरी के आरोप में पुलिस ने एक शातिर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के जेवर जब्त किए हैं। पुलिस ने शातिर को अड्डेबाजी जांच के दौरान गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। अड्डेबाजी जांच के दौरान पुलिस ने शातिर की जेब से एक सोने की अंगूठी बरामद की। पूछताछ करने पर शातिर ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस के मुताबिक चोरी के आरोप में कालीनगर निवासी गौरव दास उर्फ बटे को गिरफ्तार किया है। गौरव अपने एक अन्य साथी बाबू बंगाली के साथ फरार था।

## मंत्री से मिला आश्वासन

# पंजीयन अधिकारी-कर्मचारियों ने वापस लिया सामूहिक अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




प्रदेशभर के पंजीयन कार्यालय में सामूहिक अवकाश पर जाने से पहले ही पंजीयन दफ्तरों के अधिकारी-कर्मचारियों ने अपना आंदोलन वापस ले लिया है। संघ के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार को विभागीय मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात कर चर्चा की। इस चर्चा में मंत्री द्वारा मिले आश्वासन के बाद संघ ने अवकाश पर जाने का निर्णय वापस ले लिया, जिससे पंजीयन दफ्तरों में कामकाज पर भी कोई असर नहीं पड़ा। सभी पंजीयन कार्यालयों में कामकाज पूर्व की भांति जारी रहा।

वरिष्ठ उप पंजीयकों के विधि पर हुई निलंबन की कार्रवाई के विरोध में पंजीयन अधिकारी-कर्मचारी संघ ने 3 दिन का अवकाश पर जाने की घोषणा की थी। इस घोषणा के बाद माना जा रहा था कि सोमवार 12 अगस्त से लेकर 14 अगस्त तक पंजीयक दफ्तरों में रजिस्ट्री संबंधी कामकाज भी पूरी तरह से प्रभावित रहेगा, लेकिन इस मामले में संघ के पदाधिकारियों ने मंत्रालय नवा रायपुर में विभागीय मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। संघ के अध्यक्ष विरेंद्र श्रीवास ने बताया कि मंत्री के समक्ष हमने अपनी 6 सूत्रीय मांगे रखी हैं। इन मांगों पर मंत्री द्वारा हमें आश्वासन दिया गया है। उन्होंने बताया कि मंत्री ने उनकी मांगों को लेकर विभाग का कामकाज प्रभावित नहीं हो इसे लेकर भी निर्देश दिए हैं, जिसके तहत हमने अपना सामूहिक अवकाश वापस ले लिया है। उन्होंने कहा कि हमें मंत्री के आश्वासन पर विश्वास है।

विदित हो कि पंजीयन विभाग के सतर्कता विंग की जांच रिपोर्ट के आधार पर उप वरिष्ठ उप पंजीयक मंजूषा मिश्रा, सुशील देहारी एवं शशीकांता पात्रे को निलंबित किया गया है। संघ ने इसे नियम विरुद्ध बताया है।




**पाठक सूचना**

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# परिचय सम्मेलन में दो रिश्ते हुए तय, प्रतिभावान का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




राजधानी रायपुर स्थित नातिन धोबिन दाई परिसर में रविवार को शहर जिला धोबी समाज का विवाहयोग्य युवक-युवती का परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। परिचय सम्मेलन में विवाह योग्य युवक-युवती भारी संख्या शामिल हुए और अपना परिचय दिया। इसी दौरान अभिभावक के उपस्थित होने कारण दो रिश्ते मंच पर ही तय हो गए। इस अवसर पर समाज के प्रदेशाध्यक्ष सूरज निर्मलकर के जन्मदिन होने के कारण पूरे राज्यभर के मुखिया, छत्तीसगढ़िया केक लाए थे, समाज के लोगों ने अपने प्रदेशाध्यक्ष का आत्मीय अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए बेहिचक पैतृक व्यवसाय अपनाने का आव्हान किया। समाज के प्रादेशिक प्रवक्ता अमन निर्मलकर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया। साथ ही सक्रिय पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जगमोहन निर्मलकर, वीरेंद्र कर्ष, कंगालुराम बरेठ, अमरूराम निर्मलकर सहित समाज के मुखिया उपस्थित थे।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 13 अगस्त 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937




सुरेश्वर मंदिर, कचना


बूढ़ेश्वर मंदिर


खदानेश्वर महादेव, लाखेनगर

सावन के चौथे सोमवार पर सड़क से लेकर मंदिरों तक आस्था का सैलाब

# रातभर चला कांवड़ियों का कारवां, शिवालयों में भक्तों का तांता, बोल बम से गूंजा शहर

**सावन के पवित्र महीने में चौथे सोमवार पर सुबह से ही विभिन्न मार्गों से पग-पग चलते कांवड़ियों का जत्था आस्था से सराबोर नजर आया। गली-मोहल्लों से छोटे-छोटे समूह में कांवड़ लेकर निकले। भक्तों के जयघोष की गूंज शिवालयों ही नहीं, बल्कि लाखेनगर से लेकर महादेवघाट तक रही। इस बीच खैरमाई माता मंदिर श्याम नगर से निकली कांवड़ यात्रा में शिव-पार्वती के वेश में भक्त जैसे ही हटकेश्वर नाथ पहुंचे तो शिव के दूतों ने श्रद्धालुओं के बीच उल्लास का माहौल बनाया।**

**रायपुर।** शिवालयों में दिनभर पूजा-अर्चना तो शाम को श्रृंगार की एक झलक पाने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ा। धार्मिक महत्ता से जुड़े सावन के इस सोमवार को रावांभाठा के बंजारेश्वर महादेव में सुबह से लोग परिवार के साथ शिव आराधना के लिए पहुंचे। 8 बजे तक मंदिर परिसर में मेले जैसा माहौल बन चुका था। हर किसी को बेलपत्र, फूलों की माला व धूप अर्पित करने के साथ ही आराध्य देव की पूजा करने के लिए कतार का हिस्सा भी बनना पड़ा। इसी तरह का माहौल बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में दिनभर देखने को मिला। यहां महिलाओं की भीड़ ज्यादा रही। वहीं भाठागांव के श्रीहर नीलकंठेश्वर महादेव के धाम में दोपहर को सहस्त्रधारा अभिषेक का सिलसिला शुरू हुआ। इस बीच भगवान शिव का जयघोष करते भक्तों का रेला कतार में दर्शन के लिए इंतजार करते नजर आया। हर किसी को इस सोमवार शिव की आस्था में लाइन लगानी पड़ी। वहीं महादेवघाट में भक्तों का कारवां थमने का नाम नहीं ले रहा था। यहां देर-शाम तक भीड़ रही।




हटकेश्वर महादेव, महादेव घाट

### सुरेश्वर महादेव का फूलों से श्रृंगार...

*खम्हारडीह-कचना मुख्य मार्ग पर स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर में धार्मिक महत्ता के तहत लोग सोमवार को पूजा करने के लिए पहुंचे। हर सोमवार को शिव की पूजा व व्रत करने वाले लोगों की भीड़ सुबह से शाम तक रही। लोगों को ज्यादा इंतजार न करना पड़े, अभिषेक का लाभ ज्यादा से ज्यादा भक्तों को मिले, इसको ध्यान में रखते हुए पुजारियों को जिम्मेदारी दी गई थी। शाम को महाआरती से पहले कुछ देर के लिए भक्तों को मंदिर में जाने से रोकते हुए भोलेनाथ का भक्तों ने फूलों से विशेष श्रृंगार किया। इसके बाद पट खुलने पर श्रद्धालुओं ने शिव के अद्भुत स्वरूप का दर्शन किया।*

### सौम्य रूप में किया शिव श्रृंगार

आकाशवाणी स्थित शिव मंदिर में सुबह से भक्त परिवारों के बीच पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हुआ। लोगों की भीड़ को देखते हुए वहां वालंटियर्स को तैनात किया गया था, जो लोगों को थोड़ी देर ही शिव दर्शन के लिए अवसर दे रहे थे। वहीं शाम को भगवान शिव को सौम्य स्वरूप देने के लिए फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर के पुजारियों ने जलहरी का इस सोमवार को फलों व फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया। इसके बाद की गई महाआरती में शामिल होने वाले भक्तों ने श्रृंगार से सुशोभित शिव स्वरूप का दर्शन किया। इसके लिए भी लोगों को कतार में खड़े होकर इंतजार करना पड़ा।


नरहरेश्वर महादेव

### भैरव स्वरूप में किया शिवजी का श्रृंगार

भाठागांव बस स्टैंड के पास स्थित श्रीहर नीलकंठेश्वर महादेव का चौथे सोमवार को दर्शन एवं पूजन करने के लिए भक्तों का तांता सुबह से लगने लगा था। इसे देखते हुए मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों ने हर किसी को पूजा व दर्शन का अवसर देने के लिए लोगों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी निभाई। भीड़ को व्यवस्था से जोड़ने के लिए युवाओं को जिम्मेदारी दी गई थी। शाम को भैरव स्वरूप में श्रृंगार किया गया। गेंदे के फूलों और भगवा कलश के माध्यम से भगवान को दिव्य स्वरूप दिया गया। शाम को आरती में शामिल होने के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ के अलौकिक स्वरूप का दर्शन लाभ लिया।


हटकेश्वर महादेव, महादेव घाट

### भक्त जोड़े की कैमरे में तस्वीर

श्याम नगर के ढीमरपारा से भक्तों द्वारा निकाली गई कांवड़ यात्रा रास्तेभर आकर्षण का केंद्र रही। इसमें सैकड़ों की तादाद में शामिल हर वर्ग के कांवड़ियों तक शिवदूत के वेश में दर्जनों भक्त उत्साह बढ़ाते नजर आए। लाखेनगर जैसे ही जत्था पहुंचा, सड़क के दोनों तरफ भक्तों के लिए सजाए गए स्टाल से विभिन्न व्यापारी व सामाजिक संगठन से जुड़े लोग भोग प्रसादी देने के लिए आतुर नजर आए। पग-पग आगे बढ़ते भक्तों का जयघोष लोगों को ठहरने के लिए विवश कर रहा था। हर किसी ने मोबाइल में शिव-पार्वती के वेश में पैदल चल रहे भक्त जोड़े की तस्वीर कैमरे में कैद की।

### इन क्षेत्रों से महादेवघाट पहुंचे श्रद्धालु

सोमवार को भनपुरी, फाफाडीह, गुढ़ियारी व समता कॉलोनी के आसपास की बस्तियों से श्रद्धालु छोटे-छोटे समूह में कांवड़ लेकर निकले। भक्तों की टोली ने लाखेनगर चौक के पास बड़ा स्वरूप लिया। यह रेला जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा था, वैसे-वैसे नया समूह इसका हिस्सा भी बनता जा रहा था। इसके चलते भोग-प्रसादी का वितरण करने वाली संस्थाओं को भी दिनभर सहयोग के लिए मुस्तैद रहना पड़ा। राहगीरों को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए, इसकी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल को भी तैनात किया गया था, ताकि ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त की जा सके।

---

**लाइव इवेंट**

## सावन उत्सव में दीप्ति को डायमंड क्वीन का खिताब



**रायपुर।** जय हरितिमा महिला समिति द्वारा रंगारंग सावन उत्सव सोमवार को मनाया गया। सावन के महीने से महिलाओं का अटूट रिश्ता है। आयोजन स्थल को ग्रीन थीम पर सजाया गया था। इस आयोजन में हरित श्रृंगार प्रतियोगिता में कैटवॉक, प्रश्नोत्तरी राउंड व गेम्स इत्यादि में महिला सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सावन क्वीन का खिताब क्रमशः डायमंड क्वीन डॉ. दीप्ति झा, गोल्डन क्वीन क्षमा अग्रवाल व सिल्वर क्वीन प्रतिभा वर्मा को मिला। यह कार्यक्रम समिति की अध्यक्ष ममता चंदेल के कुशल मार्गदर्शन में हुआ। साथ ही उनकी ओर से सभी सदस्यों के लिए स्वादिष्ट व्यंजन प्रायोजित किए गए थे, जिनका सभी ने भरपूर आनंद लिया। मंच संचालन कार्यकारिणी की कोषाध्यक्षा डॉ. ज्योति भट्ट ने किया।

### कृषि विवि ने समिति को दिए फलदार पौधे

इस अवसर पर अध्यक्ष ममता चंदेल को कोहिनूर का खिताब कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा दिया गया। समिति की उपाध्यक्ष तृप्ति शर्मा ने उनके द्वारा समिति के विकास के कार्यों को सभी को विस्तार से बताया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के सहयोग से जय हरितिमा समिति द्वारा अनेक किस्म के पौधे, फलदार पौधे भी प्रदान किए गए। साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों ने स्कूल में जाकर पौधारोपण भी किया। सावन उत्सव में संपूर्ण व्यवस्था, गेम्स आदि का आयोजन करने में समिति की सहसचिव कनक खोखर एवं गेम्स प्रभारी प्रकृति श्रीवास्तव द्वारा की गई।

**सिटी इवेंट**

## भक्ति गीतों पर किया नृत्य स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा



**रायपुर।** साईं नगर में महिलाओं के समूह द्वारा सोमवार को सावन उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने विभिन्न प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए प्रतिभा दिखाई। इस दौरान सावन गीतों पर नृत्य किया। मिस सावन क्वीन की पहली रनरअप निशा वर्मा और दूसरी रनरअप श्रेया किंदो रहीं। प्लैंक प्रतियोगिता में पहले स्थान पर शबनम खान और दूसरे स्थान पर निशा सोनी रहीं। गुब्बारा साथी खेल में शबनम खान और अंजलि विजेता रहीं, और गुब्बारा पास करने में हरविंदर पहले और पायल जायसवाल दूसरे स्थान पर रहीं।

### हरियाली थीम पर मनाया सावन उत्सव



सोमवार को भजन संगिनी राधे-राधे समूह द्वारा भाठागांव के अवधपुरी में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समूह की महिलाओं ने भजन के साथ कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विभिन्न प्रतियोगिता में महिलाओं ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई।

**समाज इवेंट**

## लोधेश्वरधाम लोधी क्षत्रिय समाज की महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव



**रायपुर।** लोधेश्वरधाम लोधी क्षत्रिय समाज के सावन उत्सव में जुटे समाज के लोगों ने खुले मन से स्वीकारा कि पेड़ बगैर न तो हरियाली और न ही उत्सव, इसलिए आज ही हम सब प्रण लें कि हर सदस्य कहीं न कहीं एक पेड़ रोपित करेगा और उसकी देखभाल भी करेगा। सावन उत्सव में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बुजुर्गों को पौधे भेंटकर सम्मानित किया गया। उत्सव में हरियाली के प्रसंग पर गीत-संगीत के बीच महिलाओं की टोली ने विविध आयोजन किए। सावन उत्सव में गीत, संगीत, सावन क्वीन, क्वीज के अलावा म्यूजिकल कुर्सी दौड़, रस्साखींच आदि कार्यक्रम हुए। विजयी प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार भी दिए गए। ओंकेश्वरी वर्मा सावन क्वीन चुनी गईं।

### महिला घर-परिवार की धुरी

भारत कृषि कर्मण पुरस्कार से सम्मानित कवर्धा की अदिति कश्यप ने कहा कि हर महिला को कुछ न कुछ अच्छा कार्य करना चाहिए। महिला घर परिवार की धुरी होती है। जिसमें भी रुचि रखते हो, कला, खेल या और भी कोई। मुझे तो कृषि के क्षेत्र में रुचि थी, मैंने आधुनिक फार्मिंग को बढ़ावा दिया और कम से कम समय में अचछी फसलों की पैदावार की है। इस अवसर पर महाकाल की नगरी उज्जैन से प्रसिद्ध मूर्तिकार रघुनंदन सिंह नरवरिया, महाराष्ट्र गोंदिया से छाया शंकर लाल नागपुरे, संयोजक उत्तम, वरिष्ठ समाजसेवी जीवराखन वर्मा, लोधी सुरेश कुमार सुलाखे आदि उपस्थित रहे।

---

शहर की लाइब्रेरी में पाठकों की सुविधानुसार बेहतर माहौल और व्यवस्था

**कार्नर न्यूज**

# नालंदा परिसर में 3 लाख में खरीदी 400 से अधिक किताबें नई लाइब्रेरी के बाद भी नहीं घटी पढ़ने वालों की संख्या

**रायपुर।** प्रदेश के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की बेहतर तैयारी के लिए नालंदा परिसर बनाया गया। जहां रोजाना हजार से अधिक प्रतिभागी अध्ययन के लिए पहुंचते हैं। शहर में दो नालंदा परिसर तैयार किए गए, इसके बावजूद दोनों में प्रतिभागियों की संख्या में कमी नहीं आई। सुबह से देर रात तक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए बेहतर माहौल नालंदा परिसर में दिया जा रहा, जो 24 घंटे प्रतिभागियों को सुविधाएं देने का प्रयास करता है। दोनों ही नालंदा परिसर में लगभग 2 हजार से अधिक प्रतिभागी पढ़ाई कर रहे हैं। साथ ही कई लोग अभी भी अपना नंबर आने का इंतजार कर रहे। नालंदा परिसर में अधिकतर विद्यार्थी व प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले सदस्यों को प्राथमिकता दी जाती है।





### किताबों की संख्या 50 हजार

नालंदा परिसर के नोडल अधिकारी केदार पटेल ने बताया, दोनों ही नालंदा परिसर में प्रतिभागियों की संख्या सामान्य है। लोग अपनी सुविधा के अनुसार नालंदा परिसर का चयन कर रहे। वर्तमान समय में मोतीबाग के नजदीक स्थित नालंदा परिसर में हजार से अधिक प्रतिभागियों का नाम वेटिंग लिस्ट में हैं। वहीं 50 हजार किताबें परिसर में उपलब्ध है। बीते 2-4 माह के अंतराल में 500 से अधिक किताबें खरीदी गईं, जिनमें अधिकतर पुस्तकें प्रतियोगी परीक्षा संबंधित ही हैं। पाठकों की डिमांड के अनुसार प्रत्येक कुछ माह के भीतर पुस्तकों की खरीदी की जाती है।

### 2 हजार अभ्यर्थी वेटिंग लिस्ट में

आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने स्थित नालंदा परिसर की प्रबंधक मंजुला जैन ने परिसर की जानकारी साझा करते हुए कहा, नवीन नालंदा परिसर में आउटडोर अध्ययन के लिए कैंपस को तैयार किया गया है। वर्तमान समय में 2500 अभ्यर्थी नालंदा परिसर के साथ जुड़े हुए हैं। साथ ही 2 हजार प्रतिभागियों को अभी भी वेटिंग लिस्ट में रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा। लगभग 6 माह पहले 3-4 लाख की किताबें नालंदा परिसर द्वारा खरीदी गई थीं, जिसमें आधे से अधिक प्रतियोगी परीक्षा संबंधित हैं। प्रतिभागियों की डिमांड प्रतियोगी परीक्षा संबंधित किताब, मैग्जीन व न्यूजपेपर ही होते हैं, जिसे कुछ दिनों के अंतराल में खरीदा जाता है।

## सिटी लाइव

# जीवन में अनुशासन हमेशा व्यक्ति के कॅरियर को बढ़ावा देगा




रायपुर। श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय छात्र मिलन समारोह 2024-25 की मेजबानी की गई। इस दौरान विभिन्न देशों की संस्कृति का प्रदर्शन किया गया, इसमें संगीत, नृत्य व पोशाक शामिल रहे। यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने कहा, अनुशासन हमेशा आपके कॅरियर को बढ़ावा देगा। सम्मेलन का विषय 'व्यक्तिगत और वैश्विक उत्कृष्टता की सराहना' रहा। इस संबंध में प्रो. सिंह ने कहा, एकल सांस्कृतिक परिवेश में अध्ययन-अध्यापन नहीं हो पाएगा। यह तभी संभव है, जब यूनिवर्सिटी परिसर की संस्कृति विषम होगी। विभिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाले छात्रों की मौजूदगी में यूनिवर्सिटी का सर्वतोन्मुखी उन्नयन संभव है। यह कार्यक्रम एकता और आपसी सामंजस्य की भावना के साथ संपन्न हुआ। यहां विभिन्न पृष्ठभूमि के छात्र आपस में मिले, विचारों का आदान-प्रदान किया और स्थायी मित्रता बनाई।

### अंतर्राष्ट्रीय छात्र मिलन समारोह

इस अवसर पर कुलाधिपति हर्ष गौतम ने संबोधन में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, इस प्रकार के आयोजन न केवल हमारे मतभेदों को कम करते हैं, बल्कि वैश्विक समुदाय के रूप में दो व्यक्तियों के बीच संचार बढ़ाते हैं। समारोह के दौरान एकेडमिक उत्कृष्टता पुरस्कार, सांस्कृतिक राजदूत पुरस्कार, नेतृत्व पुरस्कार, प्रभावशाली छात्र पुरस्कार और विश्वविद्यालय के योग्य उम्मीदवारों को पुरस्कार वितरित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय छात्र सम्मेलन का समन्वय अलीशा बघेल, संचालन एमएससी जूलॉजी के छात्र वर्नी एस. फ्रीमैन द्वारा किया गया।

● मुक्ताकाशी मंच पर तीन दिवसीय पावस-प्रसंग के पहले दिन कलाकारों ने दी प्रस्तुति

# सूफी गीतों ने बांधा समां, भजन की धुन पर कथक नृत्य

संस्कृति विभाग द्वारा मानसून सत्र के अवसर पर 'पावस-प्रसंग 2024' का आयोजन किया गया। महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर में शास्त्रीय संगीत, नृत्य व गायन की प्रस्तुति दी गई। देर शाम तक आयोजित समारोह में सूफी गायन, कथक नृत्य व नृत्य नाटिका की शानदार प्रस्तुति दी गई। इस दौरान दर्शकों ने लोकप्रिय कलाकारों की प्रस्तुति का लुत्फ उठाया।





पहले दिन कमलादेवी संगीत महाविद्यालय के छात्रों की शानदार प्रस्तुति

रायपुर। तीन दिवसीय सांस्कृतिक प्रस्तुति के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शकों भीड़ देखने को मिली। इस अवसर पर रायगढ़ से सूफी गायक राकेश शर्मा, दुर्ग से कथक नर्तकी देविका दीक्षित व नृत्य नाटिका के लिए कमलादेवी संगीत महाविद्यालय की टीम उपस्थित रही। 13 अगस्त मंगलवार को धमतरी की उपासना भास्कर द्वारा कथक नृत्य, जी. रतीश बाबू द्वारा भरतनाट्यम और श्रीराम संगीत महाविद्यालय द्वारा नृत्य नाटिका का मंचन किया जाएगा।



### प्रस्तुति में तालियों की गुंज

सावन आया रिमझिम बरसे...हमरी अटरिया पे आओ ना सांवरिया...जैसे लोकप्रिय सूफी गायन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। लगभग 25 मिनट की शानदार प्रस्तुति ने समां बांधा। सूफी गायक राकेश शर्मा व निशा शर्मा की टीम ने शानदार प्रस्तुति दी। हरिभूमि से चर्चा में सूफी गायक श्री शर्मा ने बताया, यह प्रस्तुति सावन थीम पर दी जा रही है। इसमें बरसन लागी बदरिया...शास्त्रीय संगीत में ठुमरी व सजना तेरे बिना जैसे सूफी संगीत की प्रस्तुति दी गई।




### कथक शैली में नाटक का मंचन

कमलादेवी संगीत महाविद्यालय से कथक गुरु डॉ. आरती सिंह के मार्गदर्शन में सामूहिक नृत्य नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति मौजूदा दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही, जिसे तेजस्वता शाह, राशि कौर, उषा शर्मा, शिल्पा सिंह, खुशी सिंह, तृप्ति तामस्कर, चिरंजिवी, नरेंद्र जलक्षत्री व डॉ. आरती सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया। गुरु डॉ. आरती ने बताया, सावन थीम पर भगवान शिव की कुछ कथाओं का मंचन कथक शैली के रूप में किया गया। इसमें भगवान शिव को आमंत्रण न मिलने का माता सती का रौद्र रूप व सती होने का दृश्य दिखाया गया। इसके पश्चात महादेव द्वारा दक्ष के वध का दृश्य प्रस्तुत किया गया। शानदार नाटक मंचन ने दर्शकों का ध्यान एकत्र किया।

### 16 मंत्रों के साथ लगभग 8 मिनट की प्रस्तुति

श्री रामचंद्र कृपालु भज मन, हरण भव भय दारुणम...भजन से कथक नृत्य का शुभारंभ किया गया, जिसके पश्चात तीन ताल में 16 मंत्रों के साथ लगभग 8 मिनट की प्रस्तुति दी गई। अंत में चातुरंग में कथक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। नर्तकी देविका दीक्षित ने बताया, गुरु उपासना तिवारी व पं. कृष्ण मोहन महाराज से कथक की शिक्षा ली है। सांस्कृतिक विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 20 मिनट की प्रस्तुति का अवसर मिला, जिसकी तैयारी बीते 4 दिनों से निरंतर जारी रही।

## धर्म लाइव

# बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने खेली शतरंज की चाल, पवन को प्रथम स्थान




रायपुर। पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा झूलेलाल धाम श्याम नगर में अखिल भारतीय सिंधु शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से लगभग 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी व प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज व अनिल लाहोरी ने बताया कि प्रथम स्थान अमरावती के पवन डोडेजा ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान नागपुर के किशन आहूजा व तृतीय स्थान उज्जैन के कंवल ओमप्रकाश ने प्राप्त किया। चौथे स्थान पर रायपुर के रवि रोचलानी व पांचवें स्थान पर राजनांदगांव के संदीप लालवानी रहे। प्रथम पुरस्कार 31000 रुपए नगर व प्रशस्तिपत्र तथा मोमेंटो द्वितीय पुरस्कार 21000 नगर मोमेंटो व प्रशस्तिपत्र तृतीय पुरस्कार 11000 नकद व मोमेंटो तथा प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया। सभी खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ शासन के खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रशस्तिपत्र देकर व मोमेंटो तथा नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### समाजसेवा में अग्रणी स्थान करें प्राप्त

कार्यक्रम में खेल मंत्री ने कहा, इस तरह के आयोजन से सिंधी समाज की प्रतिभागियों को और प्रतिभाओं को बढ़ावा मिलेगा। समाजसेवा में अग्रणी स्थान प्राप्त करें। वही संरक्षक आसुदाराम वाधवानी व अमर पारवानी ने भी आयोजन की सराहना करते हुए छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की पूरी टीम को साधुवाद दिया आयोजन में उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, मुरलीधर उदासी, आसुदाराम वाधवानी, भरत बजाज, अनिल लाहोरी, अमर चंदनानी, राजू चंदनानी, विनेश दौलतानी, परेश बुधवानी, गिरीश लहेजा, हितेश उदासी, कैलाश बालानी, विकास रूपरेला उपस्थित रहे।

# धर्मग्रंथों में भी अंगदान के प्रमाण, समय के साथ सोच बदलने से लोगों को मिलेगा जीवन

**मठ व आश्रम की आसंदियों ने विश्व अंगदान दिवस पर दिया संदेश**

आधुनिक दौर में शिक्षा का ग्राफ तो तेजी से बढ़ रहा है, इसके बावजूद पढ़े-लिखे लोग अंगदान करने से कतराते हैं। लोगों में तरह-तरह की भ्रांतियां भी फैली हुई हैं। इसके चलते जिनका जीवन अंगदान करके बचाया जा सकता है, उनको जीवन की नई पारी शुरू करने का अवसर दिया जा सकता है, वे भी लोगों की पुरानी सोच की वजह से वंचित रह जाते हैं।

रायपुर। ऐसे लोगों में नई और सकारात्मक सोच या यूं कहें कि जागरूक करने के लिए हरिभूमि ने शहर प्रमुख मठ एवं आश्रम की आसंदियों से जब बात की तो उन्होंने कहा कि धर्मग्रथों में भी अंगदान के कई प्रमाण मिलते हैं। अंगदान को शास्त्रों में महादान भी कहा गया है। समय के साथ लोगों को इन विचारों को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। इससे लोगों को नया जीवन मिलेगा।






### महर्षि दधिची ने किया था अंगदान

*बोरियाकला स्थित शंकराचार्य आश्रम के प्रभारी डॉ. इंदुभवानंद महाराज ने अंगदान को लेकर बताया कि अंगदान का एक बड़ा प्रमाण महर्षि दधिची ने भी धर्मग्रंथों की मान्यता के तहत पेश किया था। देवों व असुरों के बीच युद्ध के दौरान एक समय ऐसा आया, जब देवताओं को दधिची के सामने अंगदान का प्रस्ताव रखना पड़ा। तब महर्षि ने उनके प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए जनकल्याण के लिए अपने शरीर का दान किया था। उनके शरीर की हड्डियों से वज्र का निर्माण किया गया था। इसके उपयोग से देवताओं ने असुरों का संहार करते हुए विजय प्राप्त की। इस तरह के प्रसंगों को सुनने और जानने वाले लोगों को अंगदान की महत्ता को समझना होगा।*

### बाल गणेश को लगाया हाथी का सिर

शहर प्राचीन श्री दूधाधारी मठ के महंत राजेश्री रामसुंदर दास अंगदान की महत्ता को लेकर कहते हैं कि कथाओं में इस बात का जिक्र है, कि भगवान शिव ने क्रोध में अपने पुत्र गणेश की गर्दन काट दी थी। बाद में प्रथम पूज्य को बचाने के लिए हाथी की गर्दन लगाई थी। अंगदान को धर्मग्रंथों में महादान कहा गया है। किसी का जीवन बचाने के लिए दूसरे के अंग का प्रत्यारोपण सबसे पहले भगवान शिव ने किया था। अब लोग कथाओं सुनते और उसके महत्ता को समझते हैं, लेकिन जीवन में अपनाते नहीं। अपनों के अंगदान का निर्णय दुख के समय में कठिन निर्णय है, मगर विचार करना होगा कि अंगदान से लोगों को नया जीवन मिलेगा।

# शहर में पहली बार निकली शंखेश्वर पार्श्वनाथ प्रभु की भव्य भावयात्रा

रायपुर। नगर में पहली बार श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ प्रभु की भव्यतम भावयात्रा निकाली गई। बैंड-बाजे, घोड़े, सुसज्जित बग्घी के साथ भक्तिमय वातावरण में रविवार सुबह विवेकानंद नगर स्थित लाभार्थी संघपति के निवास स्थान से भावयात्रा का शुभारंभ हुआ। चतुर्विद संघ के परम सानिध्य में भावयात्रा टैगोर नगर होते हुए श्री शंखेश्वर तीर्थ मंडपम विवेकानंद नगर पहुंची। शंखेश्वर तीर्थ मंडपम में शंखेश्वर पार्श्वनाथ प्रभु की प्रतिमाओं को विराजित किया गया। लाभार्थी परिवार अगल-अगल बग्घी में अपने हाथों में शंखेश्वर पार्श्वनाथ प्रभु को विराजमान कर सवार होकर भावयात्रा में निकले। श्री शंखेश्वर तीर्थ मंडपम पहुंचने पर भक्तिमय वातावरण में आषाढ़ी श्रावक परिवार, कृष्ण वासुदेव परिवार और संघपति परिवार का अभिनंदन किया गया। तीनों लाभार्थी परिवार प्रभु की भक्ति में झूमते हुए तीर्थ मंडपम पहुंचे और प्रतिमाओं को विराजित कर परमात्मा के सम्मुख भावपूर्वक भक्ति की।

विवेकानंद नगर से बैंड-बाजे, घोड़े-बग्घी के साथ हुई शुरुआत



### भवयात्रा का नाश हो जाए

विवेकानंद नगर स्थित श्री संभवनाथ जैन मंदिर में आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 जारी है। रविवार को शंखेश्वर पार्श्वनाथ प्रभु की भावयात्रा के अवसर पर ओजस्वी प्रवचनकर मुनिश्री तीर्थ प्रेम विजयजी ने शंखेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ और शंखेश्वर पार्श्वनाथ प्रभु की महिमा बताई। मुनिश्री ने कहा कि भावयात्रा ऐसी हो, जिससे हमारी भवयात्रा का नाश हो जाए। 24 तीर्थंकरों के पुण्य साम्राज्य के अंदर पूरा जैन जगत जी रहा है। 24 तीर्थंकरों के उपदेशों और बताए मार्ग में चलकर आज लीला लहर है। आज 24 तीर्थंकरों में से भक्तों के भाव के सबसे करीब शंखेश्वर पार्श्वनाथ दादा है। अब यहां से शंखेश्वर तीर्थ और शंखेश्वर पार्श्वनाथ प्रभु को पाना है तो उसी भावयात्रा मैं डुबकी लगाओ। भावयात्रा ऐसी हो, जिससे हमारी भवयात्रा का नाश हो जाए।



## समाज इवेंट

# सावन महोत्सव में 18 को बॉलीवुड तंबोला, विजेता को मिलेगा हीरे का हार



रायपुर। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा 18 अगस्त को सावन महोत्सव पर बॉलीवुड तंबोला आयोजित किया गया, जिसका सोमवार को पोस्टर विमोचन सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लिया। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया, 18 अगस्त होटल बेबीलॉन कैपिटल में आयोजित बॉलीवुड तंबोला के साथ बॉलीवुड आर्केस्ट्रा टीम मुंबई से आ रही है। गुजरात अहमदाबाद से लय अंतानी तंबोला खिलाने आ रहे हैं। हिंदी गाने की अलग-अलग थीम के साथ बेस्ट ड्रेस, बेस्ट मेकअप, बेस्ट मेहंदी ऐसे दो सौ से ज्यादा उपहार रखे गए हैं। सिंधी काउंसिल की महामंत्री राशि बलवानी ने बताया, बहुत आकर्षक उपहार रखे गए हैं। हीरे के हार, हीरे की अंगूठी, हीरे की बाली साथ में सोने की गिन्नी लक्की ड्रॉ भी रखा गया है। इस आयोजन में महिला विंग से राशि बलवानी, जूही दरयानी, महक लोहाना, लक्ष्मी चंचलानी, कशिश खेमानी, रोमा जैसिंघानी, हेमा जेठानी, कशिश भगवानी समेत अन्य की भागीदारी है।

### फैंसी ड्रेस शो में बच्चे बनेंगे सुपरहीरो

एमिटी इंटरनेशनल स्कूल 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में लिटिल पैट्रियट्स फैंसी ड्रेस शो का आयोजन करने जा रहा है। यह रोमांचक कार्यक्रम स्कूल परिसर में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में 3 एज ग्रुप 2.5 से 3.5, 3.5 से 4 और 4 से 6 के बच्चे भाग लेंगे। तीनों एज ग्रुप से 3-3 विजेता घोषित किए जाएंगे। विजेताओं को अवॉर्ड और नकद पुरस्कार दिया जाएगा। लिटिल पैट्रियट्स फैंसी ड्रेस शो छोटे बच्चों के लिए अपनी रचनात्मकता और भारतीय विरासत पर गर्व व्यक्त करने का एक शानदार अवसर है। प्रतिभागियों को पारंपरिक पोशाक, स्वतंत्रता सेनानियों, भारतीय सुपरहीरो जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों और भारत की विरासत के प्रतीकों, हमारी समृद्ध संस्कृति को जीवंत करने का मौका मिलेगा।

पुलिस परेड ग्राउंड में आज फुल ड्रेस रिहर्सल, अधिकारी लेंगे सलामी

# आजादी के जश्न पर हार्स राइडिंग, महिला बैगपाइपर बैंड का रहेगा आकर्षण, नृत्य नाटिका में दिखेगी बलिदान की कहानी

**कार्नर न्यूज**

रायपुर। स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए पुलिस परेड ग्राउंड में तैयारी अब अंतिम चरण में है। इस बार हार्स राइडिंग, महिला पुलिस बल की बैगपाइपर बैंड समेत स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी, जिसे देखने लोग भी उत्साहित हैं। अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल में आज पुलिस महानिदेशक की मौजूदगी में कलेक्टर और एसएसपी समारोह के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। इस दौरान तिरंगे को सलामी देते हुए परेड में मौजूद फोर्स के जवान हर्ष फायर करेंगे। 15 अगस्त को सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। अलग-अलग टुकड़ियां परेड की तैयारी कर रही हैं। परेड में इस बार 18 टुकड़ियां रहेंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों से लेकर अन्य अतिथियों के स्थान तय किए जा रहे हैं। सीआरपीएफ, बीएसएफ, पुलिस जवान और बैगपाइपर बैंड परेड में शामिल रहेंगे।





### हार्स राइडिंग का रहेगा रोमांच

रिहर्सल के दौरान परेड ग्राउंड में हॉर्स राइडिंग हुई, जिसे देखने काफी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। इस दौरान हार्स राइडिंग के साथ अधिकारियों ने भी सलामी ली। प्रोटोकॉल के तहत निर्धारित समयानुसार आज अंतिम रिहर्सल होगी। पिछले साल की तरह आजादी के जश्न में लोगों को हॉर्स राइडिंग का रोमांच देखने को मिलेगा। इसे लेकर लोग भी काफी उत्सुक नजर आ रहे हैं। हार्स राइडिंग का रोमांच देखते ही बनेगा।

### बैगपाइपर बैंड की नेशनल एंथम की प्रस्तुति

रिहर्सल में 50 महिला पुलिस बल बैगपाइपर बैंड पर प्रस्तुति देंगी। स्वतंत्रा दिवस पर आजादी के गीतों पर बैंड की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी। महिला दल पंचकूला में ट्रेनिंग लेने के बाद दूसरी बार प्रस्तुति देंगी। बैंड अपनी नेशनल एंथम की प्रस्तुति से लोगों को प्रभावित करेगी। पुलिस परेड ग्राउंड में महिला पुलिस बल की बैगपाइपर बैंड की प्रस्तुति देखने सोमवार को बड़ी संख्या में लोग ग्राउंड पहुंचे।

### 18 टुकड़ियां मार्च पास्ट में होंगी शामिल

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड पर उदित पुष्कर के नेतृत्व में 18 टुकड़ियां मार्च पास्ट करेंगी। सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल, सशस्त्र सीमा बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के पुरुष एवं महिला प्लाटून, छत्तीसगढ़ पुलिस, जेल पुलिस, नगर सेना के पुरुष एवं महिला प्लाटून और एनसीसी के बालक एवं बालिका प्लाटून के साथ अश्वरोही दल तथा पुलिस बैंड प्लाटून भी मार्च पास्ट में शामिल होंगे।

### देश की एकता पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति



स्वतंत्रता दिवस समारोह में इस बार स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। विद्यार्थी आजादी के वीर सपूतों को याद कर उनके बलिदान पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा देश की एकता, अखण्डता पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति देंगे। साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ की थीम पर छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रोत्साहित करने वाला सुवा नृत्य गीत प्रस्तुत किया जाएगा।

**ज्योतिष शास्त्र**

## शनि देव बना रहे राजयोग, अगस्त में इन राशियों की खुल जाएगी लॉटरी



शनि देव न्याय के देवता माने जाते हैं लेकिन अपनी स्थिति अनुसार शुभ व अशुभ फल देने में कोई भी संकोच नहीं करते। अगस्त के महीने में शनि देव कुछ राशियों को अतिशुभ फल देने जा रहे हैं। इन राशियों में शनि देव शुभ फल बना रहे हैं, जिससे करियर, बिजनेस, लव लाइफ के लिए अच्छे सकेत मिल रहे है।

**मेष राशि :** शनि देव सप्तम भाव से नवम-पंचम राजयोग बना रहे हैं, जो बिजनेस में अच्छा लाभ देने जा रहे हैं। शनि महाराज अगस्त में मेहनत का फल भी देने जा रहे हैं। शनि का स्वभाव कठोर और अनुशासन प्रिय हैं, इसलिए इस महीने आपको आलस का त्याग करना होगा। लाइफस्टाइल को ठीक रखना होगा, नहीं तो हानि भी उठानी पड़ सकती है। विवाह में आ रही बाधा भी अगस्त में दूर हो सकती है। इस माह राजनीति से जुड़े लोगों को जनता के बीच रहना होगा, आलोचनाओं से घबराएं नहीं उन पर विचार करें और सुधार करें।

*उपाय- शनिवार के दिन शनि चालीसा का पाठ करें। निर्धन लोगों की सहायता करें।*

**कर्क राशि :** आपके सप्तम भाव के स्वामी शनि अष्टम भाव में स्वगृही होकर गोचर कर रहे हैं, जिस कारण अगस्त का महीना आपके लिए विशेष होने जा रहा है। वहीं जो लोग मीडिया, सेल्स एंड सर्विस, गारमेंट्स, वेबसाइट डिजाइनिंग जैसे फील्ड से जुड़े हैं तो शनि देव आपको अच्छा लाभ देने जा रहे हैं। शनि यहां उन लोगों को भी लाभ देने जा रहे हैं, जिन्होंने स्टार्टअप शुरू किया है। यहां एक बात का ध्यान रखना होगा कि समय सीमा का पूरा ध्यान रखना होगा। शनि को झूठ और वादा खिलाफी पसंद नहीं है, इसलिए जो कहीं वही करें, नहीं तो शनि कठोर दंड देने में देर नहीं करेंगे।

*उपाय- फलदार और छायादार वृक्ष लगाएं। बीमार पशुओं की सेवा करें।*

**तुला राशि :** आपके दशम भाव में शनि शश योग बनाकर तुला राशि के जातकों को अत्यंत शुभ फल देने जा रहे हैं। तुला राशि शनि की अति प्रिय राशि है। ऑफिस में प्रमोशन की स्थिति भी बन सकती है। आप दूसरों से काम निकलवाने में सफल रहेंगे। अगस्त में आपको अंहकार से दूर रहना होगा, यदि आप नशा करते हैं तो शनि दंडित कर सकते हैं। किसी स्कैंडल में नाम आ सकता हैं। इसलिए सतर्क रहें और गलत कामों से दूर रहें।

*उपाय- कमजोर लोगों की सहायता करें, मरीजों को फल वितरित करें।*

## थायरॉयड से हैं परेशान तो इन 5 फूड्स से दूरी है जरूरी, हेल्थ पर भारी पड़ जाएगा स्वाद का लालच



पिछले कुछ समय से थायरॉयड के मरीजों की संख्या काफी तेजी से बढ़ रही है। इसका सबसे बड़ा कारण खराब लाइफस्टाइल है। थायरॉयड गर्दन में मौजूद एक ग्रंथि है, जो थायरोक्सिन हार्मोन का उत्पादन करता है। ये हार्मोन शरीर के विकास के लिए आवश्यक होता है। जब थायरोक्सिन का सही से उत्पादन नहीं हो पाता है तो थायरॉयड की समस्या होने लगती है। आमतौर पर ये बीमारी पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को ज्यादा होती है। इस बीमारी में वजन तो बढ़ता और घटता है ही साथ में शरीर में मौजूद हार्मोन लेवल में भी गड़बड़ी होने लगती है। ऐसे में अगर किसी व्यक्ति को थायरॉयड की समस्या है तो उन्हें कुछ फूड्स को अवॉइड करना चाहिए। आइए जानते हैं कौन से हैं वो फूड्स।

**चाय या कॉफी :** थायरॉयड में चाय और कॉफी का सेवन नहीं करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि कैफीन लेने से आपकी पहले से ही सूजी हुई थायरॉयड ग्रंथि और ज्यादा सूज जाती है। इससे थायरोक्सिन हार्मोन का उत्पादन कम होता है जो आपके थायरॉयड के उपचार में देरी करता है।

**ग्लूटेन फूड्स :** ग्लूटेन फूड्स जैसे गेहूं, जौ, पास्ता, मैदा आदि का सेवन करना भी थायरॉयड के मरीज के लिए हानिकारक हो सकता है। इससे थायरॉयड में होने वाली सूजन बढ़ जाती है। बेहतर ये होगा कि आप ग्लूटेन फ्री आटे का इस्तेमाल करें।

**शराब से बढ़ती हैं समस्याएं :** शराब के सेवन से थायरॉयड ग्रंथि पर बुरा असर पड़ता है। इससे थायरॉयड हार्मोन का उत्पादन नहीं हो पाता है जिसके कारण आपकी समस्या और भी बढ़ जाती है। इसलिए थायरॉयड में एक्सपर्ट शराब का सेवन न करने की सलाह देते हैं।

**केक में होती है अधिक कैलोरी :** अगर आपको थायरॉयड की समस्या है तो आपको ज्यादा मीठा नहीं खाना चाहिए। केक में अधिक मात्रा में कैलोरी होती है और इसमें कोई भी पोषक तत्व नहीं पाए जाते हैं। साथ में ये आपके मेटाबॉलिज्म को कम करता है जिससे आपका वजन बढ़ने लगता है।

**फ्राइड फूड के सेवन से बचें :** थायरॉयड के मरीजों को ऑयली फूड जैसे पकोड़े, फ्राइड चिकन, समोसे आदि के सेवन से बचना चाहिए। इन सभी में अनसैचुरेटेड फैट पाया जाता है जो थायरॉयड की समस्या को और अधिक बढ़ा देता है।

### दिन में करीब 5 लीटर पानी का पीना सभी के लिए जरूरी होता है

# सावधान! कहीं आप भी तो नहीं पीते सोते समय पानी? जानिए सही समय

कहा जाता है कि व्यक्ति का शरीर 70 प्रतिशत पानी से बना हुआ होता है। खाने के साथ-साथ पानी भी शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। दिन में करीब 5 लीटर पानी का पीना सभी के लिए जरूरी होता है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि शरीर के लिए फायदेमंद कहलाए जाने वाला पानी आपके लिए नुकसानदायक भी हो सकता है। कई तरह से बीमारियों से दूर रखने का काम करने वाला पानी कई बार गलत तरह से पीने पर ही समस्याओं का कारण बन सकता है?



### सोने से कितने घंटे पहले पानी पीना सही?

वैसे तो सोने से तकरीबन 2 घंटे पहले पानी पीने की सलाह दी जाती है। हालांकि, अगर आपको ज्यादा प्यास लगती है तो कोशिश करें कि सोने से 1 घंटे पहले ही पानी पिएं। इसके बाद पीने से आपको समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### पानी पीने का तरीका व होता है समय

जी हां, पानी को पीना का भी एक तरीका और सही समय होता है। अगर कोई पानी सेवन रात के समय सोने से पहले कर रहा है या फिर उठने के तुरंत बाद ही पानी पी रहा है या फिर दिन में कभी भी जैसे- खाना खाने के बाद, खाना खाने से पहले या फिर वर्कआउट से पहले या बाद में पानी पीता है तो उस व्यक्ति को इसका सही तरीका जान लेना चाहिए। आइए पानी पीना का सही तरीका और समय जानते हैं।

### रात में सोने से पहले पानी पीना सही या नहीं

रात में सोने से पहले पानी पीना गलत नहीं है, बस तरीका और समय का ध्यान रखना जरूरी है। अगर आप रात में पानी पीने के तुरंत बाद सो जाते हैं, तो इससे आपकी नींद पर असर पड़ सकता है। ऐसे में नींद न पूरी होने की समस्या हो सकती है। इसके अलावा दिल संबंधित रोग हो सकते हैं। बार-बार पेशाब करने जाना पड़ सकता है, जो अनिद्रा का कारण बन सकता है।

### खाने के तुरंत बाद पानी पीना ठीक नहीं

खाने में कई प्रकार के एसिड मौजूद रहते है और पेट में हाइड्रोक्लोरिक एसिड (एचसीएल) नामक एसिड भी रहता है। इसलिए अपने पेट को 40 से 45 मिनट तक का समय दें। खाने के तुरंत बाद पानी पीने से बचें। ऐसे में एसिडिटी और कब्ज जैसे समस्या से भी आप बचे रह सकते हैं।

### फिजिकल एक्टिविटी के तुरंत बाद पानी पीना सही नहीं

किसी भी एक्टिविटी के दौरान पसीना बहुत बहने की वजह से शरीर में तुरंत पानी की कमी होने लगती है जिसके कारण आपके फेफड़ों तक सही मात्रा में ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाता है। इसलिए वर्क आउट या किसी तरह की फिजिकल एक्टिविटी के तुरंत बाद पानी न पिएं। जल्दबाजी में पानी नासिका मार्ग में भी घुस सकता है और फिर कई समस्या हो सकती है।

## लहसुन को इस तरह से करें अपनी डाइट में शामिल, दूर भाग जाएंगी कई बीमारियां

अगर आपका कोलेस्ट्रॉल लेवल भी बढ़ा हुआ रहता है तो आपको अपनी डाइट में लहसुन को जरूर शामिल कर लेना चाहिए। समय रहते कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल नहीं किया गया तो आपकी हार्ट हेल्थ बुरी तरह से डैमेज हो सकती है। हेल्थ वेबसाइट के मुताबिक लहसुन आपकी हार्ट हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। आयुर्वेद के मुताबिक लहसुन और गुड़ का कॉम्बिनेशन सेहत से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने में असरदार साबित हो सकता है।



### कैसे कंज्यूम करें लहसुन?

कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने के लिए एक कटोरी में लहसुन को छीलकर रख दीजिए। अब इसमें एक स्पून गुड़ का पाउडर डालकर दोनों चीजों को अच्छी तरह से कूट लें। लहसुन और गुड़ से बनी ये चटनी आपकी हार्ट हेल्थ के लिए वरदान साबित हो सकती है। लहसुन और गुड़ में पाए जाने वाले तत्व कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल करने में मददगार साबित हो सकते हैं।

### खाली पेट खाएं चटनी

हर रोज सुबह-सुबह लहसुन और गुड़ से बनाई जाने वाली इस चटनी को खाएं। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए खाली पेट महज एक स्पून लहसुन-गुड़ की चटनी खाएं और फिर पानी पी लें। दिल से जुड़ी गंभीर और जानलेवा बीमारियों से बचने के लिए भी इस चटनी का सेवन किया जा सकता है।

### मिलेंगे फायदे ही फायदे

लहसुन और गुड़, दोनों ही चीजों में औषधीय गुणों की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। लहसुन और गुड़ का सेवन करने से आप अपनी गट हेल्थ को इम्प्रूव कर पेट से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पा सकते हैं। इतना ही नहीं इन दोनों चीजों के कॉम्बिनेशन का सेवन कर आप अपनी स्किन हेल्थ को भी काफी हद तक इम्प्रूव कर सकते हैं।

## बारिश में बार बार होते हैं बीमार तो निरोग रहने अपनाएं ये टिप्स

बारिश का मौसम गर्मी से तो राहत देता है लेकिन इस मौसम में बीमारियों का संक्रमण काफी बढ़ जाता है। इस मौसम में फूड इंफेक्शन, डेंगू, मलेरिया, सर्दी-जुकाम जैसी समस्याएं होने लगती हैं। अगर आप इस मौसम में खुद का ख्याल नहीं रखेंगे तो आपको कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि मानसून में आप अपने आपको कैसे बीमारियों से दूर रख सकते हैं।



एक्सपर्ट कहते हैं कि बरसात में इंफेक्शन होने के चांसेज 200 प्रतिशत तक बढ़ जाते हैं। इस मौसम में फूड इंफेक्शन और डायरिया सबसे ज्यादा होता है। साथ ही उन्होंने बीमारियों से बचाव करने के लिए कुछ टिप्स भी शेयर किए।

**पूरी नींद ले :** पूरी नींद लेने से आपकी इम्यूनिटी बूस्ट होती है जिससे आप ज्यादा बीमार नहीं पड़ते हैं। एक स्टडी में यह पाया गया कि जो व्यक्ति 6 घंटे से कम नींद लेता है उसको सर्दी-जुकाम और वायरल होने के चांसेज ज्यादा होते हैं।

**साफ पानी पीएं :** बारिश के मौसम में होने वाली अधिकतर बीमारियां पानी से ही होती है।

### एक्सरसाइज करें

एक्सरसाइज करने से आपका ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और साथ में आपकी इम्यूनिटी भी बूस्ट होती है। इससे आपके शरीर में बीमारियों से लड़ने की क्षमता पैदा होती है और आप कम बीमार पड़ते हैं।

### विटामिन से भरपूर खाना खाएं

बरसात में हमारी इम्यूनिटी का मजबूत होना बेहद जरूरी है। इसलिए विटामिन से भरपूर डाइट लें। कोशिश करें कि आप ज्यादा से ज्यादा फल, सब्जियों, अनाज, मीट, मांस का सेवन करें।



## गलत नमक खाकर कहीं आप खुद तो नहीं दे रहे बीमारियों को न्योता

खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ बिगाड़ने में भी "नमक" का खास योगदान हो सकता है। सही मात्रा में और सही तरह के नमक का इस्तेमाल कर आप हेल्दी रह सकते हैं। हालांकि, गलत जानकारी होने पर या कहें कि गलत नमक खाकर आप खुद-ब-खुद बीमारियों को न्योता देते हैं। हड्डियों में दर्द होने से लेकर रक्तचाप यानी ब्लड प्रेशर के बढ़ने तक के लिए नमक जिम्मेदार हो सकता है। वहीं, अगर आप सही नमक का सेवन करते हैं तो कई बीमारियों से भी दूर रह सकते हैं। आज हम आपको नमक के प्रकार और किस नमक को खाने से शरीर में क्या फायदे और नुकसान हो सकते हैं, इन सबके बारे में बताने जा रहे हैं।


**समुद्री नमक :** समुद्री नमक का इस्तेमाल आमतौर पर कई भारतीय रसोई में किया जाता है। ये नमक समुद्र के पानी से तैयार होता है जिसमें कई सारे खनिज पदार्थ होते हैं। कैल्शियम, पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व मौजूद होते हैं जो शरीर के लिए फायदेमंद माने जाते हैं। सही मात्रा में सेवन किया जाए तो समुद्री नमक दांत और हड्डियों की मजबूती के लिए फायदेमंद माना जाता है। स्किन के लिए भी नमक को फायदेमंद माना जाता है। अगर आप इसका सेवन हद से ज्यादा करते हैं तो उच्च रक्तचाप की समस्या हो सकती है। ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए नमक का ज्यादा मात्रा में सेवन करना भी अच्छा नहीं होता है।



**आयोडीन युक्त नमक :** आयोडीन नमक का इस्तेमाल क्या असल में सही है? जी हां, अगर आप एक सीमित मात्रा में आयोडीन रिच नमक का सेवन करते हैं तो इसके कई फायदे हो सकते हैं। कई घरों में इस्तेमाल किया जाने वाला आयोडीन नमक थाइरोइड ग्रंथि, तनाव मुक्ति, बाल, दांत, त्वचा, नाखून और मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है। हालांकि, अधिक मात्रा में सेवन करने से ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है।

**सेंधा नमक अमृत समान :** आयुर्वेद में सेंधा नमक अमृत समान माना गया है। इसका इस्तेमाल व्रत में भी किया जाता है। यह न केवल शरीर के लिए कई तरह से फायदेमंद है बल्कि अन्य नमक से सस्ता, बेहतर और सफेद व काले नमक की तुलना में कई गुना फायदेमंद है। सेंधा नमक में मौजूद मैग्नीशियम, आयरन, जिंक, कैल्शियम, पोटैशियम, कॉपर, सेलेनियम समेत कई मिनरल्स सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इसके सेवन से कब्ज, सीने में जलन, पैरों में सूजन, पाचन और खाने की नली में खाना ऊपर लौटने जैसी समस्या से राहत मिल सकती है।

**गुलाबी नमक :** काले और सफेद नमक के जैसा ही गुलाबी नमक भी होता है, जिसे हिमालयन नमक के नाम से भी जाना जाता है। सोडियम क्लोराइड से बनने वाला गुलाबी नमक स्वाद में हल्का मीठा होता है। अगर आप रोजाना इस नमक का सेवन सीमित मात्रा में करते हैं तो ब्लड प्रेशर को काबू किया जा सकता है। इसके अलावा ये नमक डिहाइड्रेशन से भी बचाव करता है और तनाव से भी दूर रखने में मददगार होता है।




















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' ने पार किया एक अरब डॉलर की कमाई का आंकड़ा



**लॉस एंजिल्स।** 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' फिल्म के रिलीज होने से पहले ही इसे लेकर अच्छा माहौल बना हुआ था और रिलीज के बाद भी यह जारी रहा। फिल्म टिकट खिड़की पर लगातार नोट छाप रही है और छापते-छापते रिकॉर्ड भी बना रही है। शॉन लेवी द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर एक बिलियन डॉलर (भारतीय मुद्रा में 8,393 करोड़ रुपए) का आंकड़ा पार कर लिया है। 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' ने कुल 1.029 बिलियन डॉलर (भारतीय मुद्रा में 8,637 करोड़ से ज्यादा) से अधिक की कमाई की है। इसमें से 4,492 करोड़ रुपए का कारोबार अंतर्राष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर हुआ है और 4,149 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई घरेलू बॉक्स ऑफिस पर हुई है। कमाई के मामले में 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' ने केवल एक बिलियन डॉलर का ही आंकड़ा नहीं छुआ है, बल्कि यह दूसरी सबसे बड़ी आर-रेटेड फिल्म भी बन गई है। पहले पायदान पर जोकर काबिज है और जिस हिसाब से 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' कमाई कर रही है, उसे देखते हुए कहना मुश्किल नहीं है कि यह जल्द ही पहले स्थान पर पहुंचने वाली है।

### टॉलीवुड

## राजामौली के पिता ने मांगा था पुरी जगन्नाथ से ये अहसान



**मुंबई।** पुरी जगन्नाथ साउथ के जाने-माने निर्देशक हैं। इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्म 'डबल आईस्मार्ट' की रिलीज को लेकर व्यस्त हैं। इस फिल्म के प्रमोशन के सिलसिले में वो लगातार मीडिया से बात कर रहे हैं। उनकी पिछली फिल्म 'लाइगर' बॉक्स ऑफिस पर असफल रही थी। अब दिग्गज निर्देशक ने इस फिल्म को लेकर एक दिलचस्प किस्सा साझा किया है। उन्होंने मजेदार खुलासा करते हुए बताया कि 'लाइगर' की रिलीज के बाद दिग्गज निर्देशक एसएस राजामौली के पिता और दिग्गज लेखक तथा निर्माता विजयेंद्र प्रसाद ने उन्हें फोन कर एक अहसान मांगा था। पुरी जगन्नाथ इस घटना जिक्र करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने बताया,'मेरी पिछली फिल्म लाइगर के फ्लॉप होने के एक हफ्ते बाद, मुझे विजयेंद्र प्रसाद गारु का फोन आया। वह मुझे कभी फोन नहीं करते, इसलिए मुझे उनका फोन आने पर आश्चर्य हुआ।' इसमें आगे जोड़ते हुए पुरी जगन्नाथ ने बताया कि फोन पर दिग्गज लेखक ने उनसे एक अहसान मांगते हुए अपनी अगली फिल्म की रिलीज से पहले कहानी सुनाने के लिए कहा। उन्होंने 'डबल आईस्मार्ट' निर्देशक से कहा कि वो छोटी-छोटी गलतियों की वजह से उनके जैसे निर्देशकों को असफल होते नहीं देख सकते। पुरी ने आगे कहा कि वह विजयेंद्र प्रसाद के फोन के बाद काफी भावुक हो गए थे। निर्देशक ने अपनी बात पूरी करते हुए कहा कि वो 'डबल आईस्मार्ट' की रिलीज के बाद उनसे जरूर मिलेंगे। इस बातचीत के दौरान पुरी जगन्नाथ ने अपनी आगामी फिल्म को बनाने के प्रति अपने समर्पण को लेकर भी बात की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ये फिल्म दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाली है।

### भोजपुरी

## भोजपुरी फिल्म कभी खुशी कभी गम को देखकर भूल जाएंगे शाहरुख की के3जी



**नई दिल्ली।** शाहरुख खान की कभी खुशी कभी गम तो आपने देखी ही होगी। फिल्म के बारे में भी सुना होगा। लेकिन इन दिनों भोजपुरी फिल्म कभी खुशी कभी गम ने यूट्यूब पर धूम मचाकर रखी हुई है। प्रदीप पांडेय चिंटू, आम्रपाली दुबे, संचिता बनर्जी और कुणाल सिंह की फैमिली ड्रामा कभी खुशी कभी गम यानी के3जी ने यूट्यूब पर फैन्स का खूब दिल जीता है। सभी सितारों की एक्टिंग और फिल्म की दिल छू लेने वाली कहानी ने काफी असर डाला है और इस भोजपुरी फिल्म को देखने का सिलसिला लगातार जारी है। भोजपुरी फिल्म कभी खुशी कभी गम की एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे को वैसे भी भोजपुरी फिल्मों की यूट्यूब क्वीन कहा जाता है। और ये हर बार साबित भी होता है जब उनकी फिल्में रिलीज होती हैं। उनकी भोजपुरी फिल्म कभी खुशी कभी गम भी महज 18 दिन में यूट्यूब पर 27 मिलिनय व्यूज (2,7 करोड़) का आंकड़ा पार कर चुकी है। भोजुपरी फिल्म कभी खुशी कभी गम का टेलीविजन प्रीमियर कुछ ही दिन पहले 31 मई और 1 जून को हुआ था। रापचिक चैनल पर इस प्रीमियर ने खूब टीआरपी बटोरी थी।

## लाइफ स्टाइल

## व्हाइट कलर की ये खूबसूरत ड्रेसेस जीत लेंगी दिल

व्हाइट यानी रॉयल कलर की ड्रेस आप किसी फंक्शन में कैरी करना चाहती हैं, तो ये ऑप्शन आपके लिए बेस्ट है। अगर आप किसी पूजा पाठ वाले कार्यक्रम में जाती हैं तो आप चिकन करी का यह सफेद कुर्ता और प्लाजो ट्राई कर सकते हैं। आपको अगर किसी पार्टी में जाना है तो आप वाइट कलर का यह वन पीस भी कैरी कर सकती हैं। वाइट कलर का इवनिंग गाउन आपके ऊपर बहुत खूबसूरत लगेगा इसमें आप बिल्कुल प्रिंसेस की तरह दिखेंगे। इसके अलावा आप वाइट कलर का पंजाबी सूट भी ट्राई कर सकती हैं यह आपके लुक में चार चांद लगा देगा। अगर आप चाहें तो वाइट कलर का शरारा ट्राई कर सकती है, इसमें आप खूबसूरत दिखेंगी।



## यहां मिलती हैं सबसे सस्ती और सुंदर साड़ियां...सिर्फ 2 महीने मिलते हैं खास

फैशन



सावन में महिलाएं खास चूड़ियां और साड़ियां पहनती हैं। कई बाजार तो ऐसे हैं, जहां सावन के दौरान पैर रखने की जगह तक नहीं होती। मार्केट में एक से बढ़कर एक कई सारे लेटेस्ट डिजाइन आए होते हैं। सावन के दौरान की राजस्थान के बीकानेर में ऐसी साड़ियां आ जाती हैं, जो साल में सिर्फ 2 महीने ही मिलती हैं। इन साड़ी को खरीदने महिलाएं दूर-दूर से ट्रैवल कर राजस्थान पहुंचती हैं। यह तो सभी जानते हैं कि बीकानेरी साड़ियों की अलग ही पहचान है और इसको पहनने वाली महिलाएं अलग ही जलवा बिखेरती हैं।

**सावन स्पेशल लहरिया की डिमांड :** बीकानेर में सावन स्पेशल लहरिया सबसे ज्यादा बिकता है। महिलाएं भी सबसे ज्यादा लहरिया पहनना पसंद करती हैं। बीकानेर की कई दुकानों में इन दिनों महिलाओं की भीड़ नजर आ रही है और हर दुकान में लहरिया ज्यादा खरीदा जा रहा है। यह साड़ियां ऑनलाइन भी मंगाई जाती हैं जिसके कारण इनकी डिमांड दिन पर दिन बढ़ती जा रही है।

**जुलाई से सितंबर तक खास डिजाइन मार्केट में :** स्थानीय दुकानदार अरविंद आचार्य ने बताया कि सावन में हमेशा लहरिया बिकता है. यहां परंपरागत चीजें बिकती है. बीकानेर में बड़ी तीज पर स्पेशल मनाई जाती है. ऐसे में इस बड़ी तीज पर स्पेशल लहरिया बिकता है. यहां जुलाई के अंत से सितंबर तक लहरिया बिकता है।



**साड़ी की कीमत 300 से लेकर हजारों रुपए तक :** यहां लहरिया 300 रुपए से लेकर तीन, पांच, दस हजार रुपए तक बिकता है। यहां लहरिया में कई वैरायटी मिलती है। इनमें आर्ट सिफोन और साधारण, शिफोन और खासी भी आती है। यह लहरिया सूरत शहर से आती है। सावन में इन साड़ियां की डिमांड बहुत होती है।

**रंग-बिरंगी होती है साड़ी :** इन रंग बिरंगी साड़ियों को राजस्थान सहित पूरे देश में बहुत पसंद किया जाता है। कुछ लोग खुद के लिए उन्हें खरीदते हैं। तो कुछ खरीदारी कर अपनी बहन-बेटियों को भी इस साड़ी को गिफ्ट करते हैं।

# घंटेभर में हाथ में लगी मेहंदी का रंग होगा गहरा, बस आजमाएं ये ट्रिक्स

सावन का महीना चल रहा है और रक्षाबंधन का त्योहार भी नजदीक है। ऐसे में हाथों में मेहंदी की खुशबू और रंग का जिक्र होना स्वाभाविक है। बहनों के लिए रक्षाबंधन का खास अवसर तब और भी खास बन जाता है, जब उनके हाथों पर लगी मेहंदी का रंग और भी गहरा हो जाता है लेकिन हर बार हाथों पर मेहंदी का रंग गहरा हो, ऐसा नहीं होता। हालांकि, अगर आप कुछ कमाल के आजमाए हुए ट्रिक्स की मदद लें तो अपने हाथों पर लगी मेहंदी के रंग को और भी गहरा कर सकती हैं। आइए जानते हैं कुछ ऐसे टिप्स, जिनसे आपकी मेहंदी का रंग रक्षाबंधन पर और भी खूबसूरत दिखाई दें।

### लौंग का धुआं:

अगर आप चाहती हैं कि आपके हाथों पर लगी मेहंदी का रंग गहरा हो तो आप इसके सूखने के बाद हाथों को गरम लौंग के धुएं पर कुछ मिनट तक रखें। लौंग की गरमी से मेहंदी का रंग नेचुरल तरीके से गहरा हो जाता है।



हालांकि बेहतर होगा कि आप धुआं दिखाने से पहले मेहंदी पर नींबू और चीनी का रस लगाएं।

### विक्स या टाइगर बाम:

जिस विक्स या टाइगर बाम का इस्तेमाल आप दर्द दूर करने के लिए करते हैं दरअसल, इसकी मदद से आप मेहंदी के रंग को गहरा कर सकती हैं। इसके लिए सूखी मेहंदी को हटाने के बाद, उस पर विक्स या टाइगर बाम लगाएं। इन मेंथॉल युक्त उत्पादों से रंग और गहरा हो जाता है।

### ग्लूकोज या कॉर्न सिरप:

जब मेहंदी सूख जाए तो आप इस पर ग्लूकोज या कॉर्न सिरप की एक पतली लेयर लगाएं। यह मिश्रण मेहंदी को लंबे समय तक गीला रखता है, जिससे उसका रंग गहरा होता है।

### चाय का प्रयोग:

मेहंदी लगाने से पहले अगर आप हाथों को गुनगुने चाय के पानी से धोएंगे तो चाय में मौजूद टैनिन्स मेहंदी के रंग को गहरा बनाने में मदद कर सकते हैं।

### सरसों के तेल की मालिश:

मेहंदी सूखने के बाद जब आप इसे हटा लें तो पहले हाथों पर सरसों के तेल की मालिश करें। सरसों का तेल हथेली पर गर्मी पैदा करता है, जिससे मेहंदी का रंग और भी गहरा हो जाता है। इन कमाल के टिप्स को अपनाकर आप अपने हाथों पर लगी मेहंदी का रंग और भी गहरा कर सकेंगी।

## दिखना है सबसे अलग तो अपनी अलमारी में इन चीजों को शामिल करें नई दुल्हनें

शादी का दिन हर दुल्हन के लिए बेहद खास होता है। इस दिन को और खास बनाने के लिए लड़कियां काफी धूमधाम से कई-कई दिनों पहले से तैयारियां शुरू कर देती हैं। बावजूद इसके कई सामान ऐसे होते हैं, जो आखिरी समय तक रह ही जाते हैं। होने वाली दुल्हनों को सिर्फ शादी की तैयारी नहीं करनी होती, बल्कि उन्हें अपनी शादी के बाद शुरू होने वाले नए जीवन के लिए भी तैयारी करनी पड़ती है। नए घर में जाकर वो अपने पति और उनके परिवार के साथ नई जिंदगी की शुरुआत करती हैं। शादी के बाद कुछ दिनों तक हर किसी की नजर नई दुल्हन पर ही होती है।

ऐसा कहा जाता है कि नई दुल्हनों को हमेशा तैयार होकर, सज-धज कर रहना चाहिए। ऐसे में हर लड़की अपने ससुराल में काफी तैयार होकर रहती हैं। बहुत सी लड़कियों को ये समझ ही नहीं आता कि वो कैसे तैयार हों, ऐसे में हम आपकी मदद करेंगे। आइए आपको बताते हैं कि हर नई दुल्हनों को अपनी अलमारी में इन चीजों को शामिल जरूर करना चाहिए।



**बनारसी साड़ी :** वैसे तो हर तरह की साड़ी से दुल्हन की खूबसूरत बढ़ती है, लेकिन अगर आप अपने कलेक्शन में बनारसी साड़ियों को शामिल रखेंगी तो आपका लुक सबसे अलग दिखेगा।

**चूड़ियां :** हाथों में चूड़ियां हर नई दुल्हन की खूबसूरती में चार चांद लगाती हैं। ऐसे में अपनी अलमारी में चूड़ियों का कलेक्शन हमेशा शामिल रखें। हर बार साड़ी के हिसाब से ही चूड़ियां पहनें।

**नेकपीस :** वैसे तो हर नई दुल्हन के पास सोने के कई ज्वेलरी आइटम्स होते हैं, लेकिन फिर भी आपको अपने पास कई ऐसे नेकपीस रखने चाहिए, जिन्हें आप एथनिक वियर के साथ कैरी कर सकें।

**क्लच :** क्लच एक ऐसा पर्स होता है, जिसे कैरी करके आप आसानी से कहीं भी ले जा सकती हैं। इसमें थोड़ा बहुत कैश और लिपस्टिक आसानी से आ जाती है।

## मानसून में दिखना है फ्रेश और ब्राइट तो वार्डरोब में जरूर शामिल करें ये कलर

बारिश की वजह से भले ही हमें हीट से राहत मिल गई, लेकिन उमस से अभी भी लोग परेशान हैं। यही नहीं, कई दिनों तक अगर धूप न निकले और बारिश की वजह से कहीं आना-जाना मुश्किल हो जाए तो मूड बूस्ट करना आसान काम नहीं होता। इस मौसम में अधिक आउटडोर एक्टिविटी नहीं कर पाने से ब्लू मूड यानी कि डिप्रेशन की शिकायत से भी कई लोग जूझने लगते हैं। ऐसे में अगर आप फ्रेश और ब्राइट मूड रखना चाहते हैं तो अपने कपड़ों के कलेक्शन पर ध्यान देना शुरू कर दें। यहां हम बता रहे हैं कि आप बरसाती मौसम में अपने वार्डरोब में किन रंगों के कपड़ों को शामिल कर अपने मूड को फ्रेश और ब्राइट रख सकते हैं।



**ऑरेंज :** ऑरेंज वार्म टोन का कलर है जो एक साथ चियरफुल लुक और ब्राइट मूड बनाता है। इसलिए आप बरसात के मौसम में इस कलर के कपड़े जरूर पहनें।

**पीला :** पीले रंग के कई शेड्स होते हैं, जिनमें से कुछ बहुत ब्राइट होते हैं, जबकि कुछ काफी गहरे रंग के होते हैं। मानसून के दौरान, अगर आप गहरे कलर के कपड़े पहनें तो इन पर दाग भी नहीं लगेगा और यह खुशनुमा लुक भी देता है।

**नीला :** मानसून में आप नीले कपड़े पहनें तो ये मौसम के अनुसार परफेक्ट कलर है। खासतौर पर अगर मौसम साफ नहीं है और बादल छाए हुए हैं तो आप बिना अवसर या जगह की परवाह किए नीले रंग का आउटफिट पहनें।

**गुलाबी :** गुलाबी यानी खुशनुमा। आप इस मौसम में गुलाबी रंग के कपड़े पहन सकते हैं। बेहतर होगा कि आप बेबी पिंक की जगह गुलाबी के गहरे शेड का चुनाव करें।

**लाल :** लाल एक हॉट कलर है जिसे आप किसी अन्य रंगों के साथ मिक्स और मैच कर भी पहन सकते हैं। मसलन, लाल स्कार्फ, लाल दुपट्टे, लाल जींस के साथ ब्लू शेड या येल्लो आदि का मैंच बनाएं और भीड़ में अलग दिखें।

कार्नर न्यूज

### पैरों के निशान कई बार बन जाते हैं शर्मिंदगी का कारण, अधिकतर लोग रहते हैं परेशान

# सैंडल पहनने से आपके पैरों में भी पड़ जाते हैं निशान, तो इन ट्रिक्स को करें फॉलो

लड़का हो या लड़की अक्सर लोगों को चप्पल या सैंडल पहनने पर निशान पड़ जाते हैं। यह निशान दिखने में तो खराब होते ही है साथ ही दर्दनाक भी होते हैं। कई बार पैरों पर पड़े निशान शर्मिंदगी का कारण बन जाते हैं। इससे छुटकारा पाने के लिए लोग कई उपाय करते हैं लेकिन फिर भी उन्हें असर नहीं होता है। अगर आप भी सैंडल से बने इन निशानों से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो कुछ ऐसे घरेलू उपाय भी हैं जिनको कर आप आसानी से इन निशानों से छुटकारा पा सकते हैं और आपके पैरों का रंग भी साफ होने लगेगा।



### दो कलर स्किन में लगाएं दही बेसन का पेस्ट

धूप में टैनिंग की वजह से कई बार शरीर की स्किन दो रंगों में बढ़ जाती है। कई बार स्किन के दो कलर होने से यह शर्मिंदगी का कारण बन जाता है। इससे छुटकारा पाने के लिए आप कुछ उपाय कर सकते हैं। आप अपने पैरों पर दही से बनाया पेस्ट लगा सकते हैं। इसे बनाने के लिए आप एक कटोरी में थोड़ा बेसन, थोड़ा दही और आधा नींबू का रस तीनों को अच्छी तरह मिला लें, फिर इस पेस्ट को अपने पैरों पर लगाकर मसाज करें, थोड़ी देर बाद इसे धो लें। ऐसा तब तक करें जब तक स्किन एक जैसी न हो जाए।

### ऐसे बनाएं टैन रिमूविंग पेस्ट

इसके अलावा आप टैन रिमूविंग पेस्ट बना सकते हैं। इस पेस्ट को बनाने के लिए आपको सबसे पहले एक बाउल में गर्म पानी लेना होगा। इसमें ईनो पाउडर, एक चम्मच नींबू का रस, नारियल तेल, शैंपू की कुछ बंदे, एक चम्मच काफी पाउडर और 2 चम्मच आटा डाल लें। इन सबको अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को टैनिंग वाले एरिया पर 5 मिनट के लिए लगाएं और फिर हल्के हाथों से मसाज करें। उसके बाद अपने पैरों को साफ पानी से धो लें।



### ओटमील का इस्तेमाल

निशान हटाने के लिए आप ओटमील का इस्तेमाल कर सकते हैं, यह काफी असरदार माना गया है। इसे बनाने के लिए आपको सबसे पहले एक बाउल में ओट्स लेना होगा। इसमें थोड़ा सा दही मिलाकर इसे 1 घंटे के लिए भिगोकर रख दें। जब यह अच्छी तरह मिक्स होकर पेस्ट बन जाए, तो इसे 10 मिनट के लिए अपने पैरों पर मसाज करें। थोड़ी देर बाद ठंडे पानी से अपने पैरों को धो लें। ऐसा सप्ताह में चार बार करें, इससे आपको कुछ दिनों में असर देखने को मिलेगा।

### बेकिंग सोडा का इस्तेमाल

इसके अलावा आप गुनगुने पानी में एक चम्मच बेकिंग सोडा डालकर अपने पैरों को इस पानी में भिगोकर रखें। कुछ देर भिगोने के बाद पैरों को बाहर निकाल कर स्पंज की मदद से साफ कर लें। इससे आपके पैरों पर बने निशान मिटने लगेंगे. इन उपायों को कर आप आसानी से अपने पैरों पर बने निशानों को मिटा सकते हैं।